संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -172 बुधवार , 24 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## संक्षिप्त खबरें

### फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल



**कोर्ट ने 7 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत**

**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज दिल्ली की रोज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। उनके साथ के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। अब 7 मई को अरविंद केजरीवाल की अगली पेशी होगी।

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में सफलता



**मुंबई क्राइम ब्रांच ने नदी से ढूंढ निकाली बंदूक और मैगजीन**

**सूरत,23अप्रैल 2024 (ए)।** सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई क्राइम ब्रांच ने सूरत के तापी नदी से बंदूक और मैगजीन बरामद की है। गोताखोरों को सूरत की तापी नदी से तीन मैगजीन और 13 कारतूस भी मिले हैं। पुलिस ने तापी नदी से हथियार बरामद करने का एक वीडियो भी जारी किया है।

### भारत में बिकने वाले मसालों की जांची जाएगी गुणवत्ता



**हांगकांग-सिंगापुर की आपत्ति के बाद सरकार ने उठाया बड़ा कदम**

**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** भारत में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांची जाएगी। यह फैसला हांगकांग, सिंगापुर द्वारा दो लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों की गुणवत्ता पर चिंता जताने के बाद लिया गया है।

# कांग्रेस ने किया देश को तोड़ने का प्रयास:पीएम मोदी

» पीएम मोदी का गोवा पर संविधान थोपने वाले कांग्रेस के बयान पर पलटवार

» कांग्रेस खुद को श्रीराम से बड़ा मानती है,तुष्टीकरण की राजनीति इनके डीएनए में



**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस के गोवा के उम्मीदवारों की टिप्पणी पर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अब एक और बड़ा खेल शुरू कर दिया है। पहले कर्नाटक से कांग्रेस सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत को अलग देश घोषित कर देंगे और अब कांग्रेस के गोवा के उम्मीदवार कह रहे हैं कि गोवा पर देश का संविधान लागू नहीं होता। गोवा पर देश का संविधान थोपा गया।

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि ये भारत का और बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान है। उन्होंने यह बात कांग्रेस के शहजादा (राहुल गांधी) को बता दी है। इसका मतलब है कि नेता ने इस पर अपनी मौन सहमति दी हैं। यह देश को तोड़ने की सोची-समझी चाल है।


यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कई कटाक्ष किए। कहा कि तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। मैं आपका प्रचुर आशीर्वाद मांगने आया हूं। हमारा देश पिछले 10 सालों में बहुत आगे बढ़ चुका है। लेकिन, अभी भी बहुत काम बाकी है। छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार ने मेरे काम को यहां आगे नहीं बढ़ने दिया, अब जब विष्णु देव साय यहां है, इसलिए मुझे वह काम भी पूरा करना है। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन को घेरा पीएम मोदी ने इस साल फरवरी में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश की कथित टिप्पणी का जिक्र किया कि अगर दक्षिणी राज्यों को केंद्र से करों का उचित हिस्सा नहीं मिलता है, तो एक अलग राष्ट्र के प्रस्ताव की संभावना है। प्रधानमंत्री ने दक्षिण गोवा से कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस की टिप्पणियों की रिपोर्टों का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि 1961 में पुर्तगाली शासन से मुक्त होने के बाद गोवा वासियों पर भारतीय संविधान जबरन थोपा गया था।

### गोवा सीएम ने साधा फर्नांडीस पर निशाना



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी संविधान से संबंधित टिप्पणी को लेकर दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार पर निशाना साधा। कहा कि मैं कांग्रेस के दक्षिण गोवा उम्मीदवार की टिप्पणियों से स्तब्ध हूं, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय संविधान को गांव वासियों पर जबरदस्ती थोपा गया था। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरे दिल से विश्वास किया था कि गोवा भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। कांग्रेस ने गोवा की मुक्ति में 14 साल की देरी की। अब, उनके उम्मीदवार ने ऐसा करने का साहस किया है।

### क्या कहा था फर्नांडीस ने?



दक्षिण गोवा में एक कोने की बैठक में फर्नांडीस ने 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी के साथ दोहरी नागरिकता पर हुई बातचीत को याद किया। कांग्रेस उम्मीदवार ने भारत के संविधान को गांव वासियों पर जबरन थोपे जाने की भी बात की। कहा कि संविधान लागू होने के समय गोवा भारत का हिस्सा नहीं था।

# एससी ने रामदेव को फिर लगाई फटकार

**क्या माफीनामे का साइज विज्ञापन जितना बड़ा था?**



**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में एक बार फिर से फटकार लगाई है। कोर्ट में पतंजलि की तरफ से कहा गया कि उन्होंने 67 अखबारों में विज्ञापन देकर माफीनामा छपवाया था। इसमें 10 लाख रुपये का खर्चा आया। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि क्या ये माफीनामा उतने ही साइज के थे, जितने साइज के आपके पहले वाले विज्ञापन थे।

कोर्ट ने ये भी पूछा कि क्या आप हमेशा इतने ही साइज का विज्ञापन छपवाते हैं। इस मामले में अब 30 अप्रैल को फिर से सुनवाई होनी है। इस सुनवाई में रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में हाजिर रहने को कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रामदेव के वकील ने जवाब में कहा कि माफीनामे का साइज विज्ञापनों जितना बड़ा नहीं था, क्योंकि इसकी कीमत बहुत ज्यादा है, लाखों में। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने रामदेव और बालकृष्ण से कई सवाल पूछे।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रामदेव से पूछा कि अपने क्या किया? तो उनके वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि उन्हें 67 अखबारों में एड दिया, जिसमें दस लाख रुपये का खर्चा आया है। इस पर बेंच रामदेव और बालकृष्ण पर नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आपने अपना विज्ञापन कहां प्रकाशित कराया और इसमें इतना वक्त क्यों लगा। क्या ये विज्ञापन उतने ही साइज के थे, क्या आप हमेशा इतने ही साइज का एड देते हैं। इस पर अधिवक्ता ने कहा, नहीं, महोदय.. इसकी कीमत बहुत ज्यादा है.. लाखों रुपये है।

बेंच के सवालों का जवाब देते हुए अधिवक्ता ने कहा कि हमने विज्ञापन नहीं माफीनामा प्रकाशित कराया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि इसे कल क्यों दायर किया गया? हम अब बंडलों को नहीं देख सकते! इसे हमें पहले ही दिया जाना चाहिए था।



# 8 घंटे शांति से त्योहार नहीं मना सकते,वहां मतदान की कोई जरूरत नहीं


**मुर्शिदाबाद,23अप्रैल 2024 (ए)।** रामनवमी पर मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इतना ही नहीं कोर्ट ने चुनाव आयोग से मौजूदा स्थिति को देखते हुए बहरमपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव स्थगित करने को भी कहा है। इस मामले की एनआईए जांच की मांग करते हुए याचिका दायर की गई थी। इसको लेकर अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होनी है। मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में रामनवमी की शोभायात्र के दौरान हुए दंगे को लेकर हाई कोर्ट ने मंगलवार को टिप्पणी की कि 'मैं चुनाव आयोग से बहरमपुर में 13 मई को होने वाला चुनाव देरी करने के लिए कहूंगा।'यह टिप्पणी कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने रामनवमी पर हुई हिंसा को लेकर की है। उन्होंने टिप्पणी की कि जहां लोग आठ घंटे तक शांति से अपना त्योहार नहीं मना सकते, वहां इस समय मतदान की कोई जरूरत नहीं है।

# दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते

**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है।



इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए और इस पर निर्णय देने में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी।



# ईडी ने शेख शाहजहां के छोटे भाई के खिलाफ जारी किया लुकआउट नोटिस

**कोलकाता,23अप्रैल 2024 (ए)।** ईडी ने मंगलवार को निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने सिराजुद्दीन को कई बार समन भेजा था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद अब ईडी ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।सिराजुद्दीन के देश से भाग जाने की आशंका के चलते ईडी ने भारत के सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और सीमा चौकियों को अलर्ट कर दिया है। इसके अलावा सिराजुद्दीन की तस्वीरों सहित महत्वपूर्ण जानकारी इमिग्रेशन अधिकारियों को भेज दी गई है। इस बीच ईडी अधिकारियों ने शेख शाहजहां के एक और छोटे भाई शेख आलमगीर को हिरासत में ले लिया है।

# अब फ्लाइट में 12 साल तक के बच्चों को नहीं मिलेगी अलग सीट

**डीजीसीए ने लिया बड़ा फैसला**



**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** अगर आप भी विमान यात्री है तो यह खबर आप ही के काम की है। दरअसल विमानन निकाय, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने सभी एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों को उड़ान में उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीटें आवंटित की जाएं।इस संबंध में डीजीसीए ने कहा , एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेगी कि 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीटें आवंटित की जाएं, जो एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हों और इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा।

# शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत

» पार्टी की संपत्तियों की जांच पर लगाई रोक

» भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी



**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल से कहा है कि झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच को लेकर 10 मई तक कोई भी कदम ना उठाएं। इसके साथ ही भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया है।

# भगवान राम की इमेज वाली प्लेट में परोसी बिरयानी,लोगों में भारी आक्रोश



**नई दिल्ली,23अप्रैल 2024 (ए)।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली में एक बिरयानी विक्रेता को भगवान राम की इमेज वाली डिस्पोजेबल प्लेट पर अपनी डिश परोसते हुए देखा गया। पुलिस ने बताया कि उसने विक्रेता की दुकान से भगवान राम की तस्वीर वाली प्लेट बरामद की है। स्थानीय हिंदू समूहों ने रविवार को बिरयानी की दुकान पर देवता की इमेज वाली प्लेटों को देखा, तब यह घटना सामने आई।

डिस्पोजेबल प्लेट पर भगवान राम की इमेज दिखाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद दुकान के पास भीड़ जमा हो गई। इन प्लेटों पर बिरयानी परोसते देख स्थानीय लोगों ने विक्रेता का विरोध किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पुलिस पहुंची और एक बिरयानी दुकान पर भगवान राम की इमेज छपी दो प्लेटें मिलीं। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

इस बीच, लोगों ने अपने एक्स अकाउंट से विक्रेता द्वारा इस्तेमाल की गई भगवान राम की इमेज वाली प्लेट शेयर की। एक एक्स यूजर संदीप ने लिखा, वह जानबूझकर ऐसा कर रहा है। उसे यह भी पता है कि यह गलत है, लेकिन वह लगातार भगवान राम की इमेज वाली प्लेट में बिरयानी परोस रहा है।एक अन्य एक्स यूजर शिल्पा ने लिखा, दिल्ली के जहांगीरपुरी में भगवान राम की इमेज वाली प्लेट पर बिरयानी परोसी गई। हिंदू संगठनों ने इसे देखा और पुलिस को बुलाया। उन्होंने देखा कि प्लेट में बिरयानी परोसी जा रही थी और उपयोग के बाद कूड़े में फेंक दी गई। कृपया दुकान के मालिक का नाम न पूछें।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना



## संपादकीय

### गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें

कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा।आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे।कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की।2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60त्न महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया।ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं,राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है।

# स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों-रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता-फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे-टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता-सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया। दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को




तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शो को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही असंतुष्टों व्दारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। गठबंधनों के सभी दल अपनी अगल-अलग सोच को लेकर सत्ता में पहुचने के बाद व्यवहार में लाने वाली कार्ययोजना का ढांचा प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधनों का स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड रहा है। मुट्ठी भर सीटों पर चुनाव लडने वाले दल भी राष्ट्रीय नीतियों के निर्धारण करने में जुटे हैं। कहीं साम्प्रदायिक खाई को चौडा करने की होड लगी है तो कहीं जातिगत जनगणना के आधार पर शक्ति संघर्ष का आधार तैयार किया जा रहा है। कहीं अलग-अलग विशेषाधिकारों की वकालत हो रही है कहीं स्वतंत्रता के विकृत मायने परोसे जा रहे हैं। स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत लेने वालों को देश का सम्मान, विकास और सौहार्द की कतई चिन्ता नहीं है। वे नेत्रवान होने के बाद भी धृतराष्ट्र बनने पर तुले हैं, मीरजाफर बनकर सुख बटोरना चाहते हैं और करना चाहते हैं किसी भी कीमत पर स्वार्थपूर्ति। ऐसे लोगों को राष्ट्रवादी तो क्या राष्ट्र का नागरिक तक कहना, शर्म की बात है। जिस देश के नागरिक अपनी धरती से उगने वाले अन्न और बहने वाले पानी पर जीवन यापन करने के बाद भी उसके टुकडे-टुकडे करने का मंसूबा पाल रहे हों वहां पर शान्ति, सुख और समृध्दि की बयार कभी भी जीवनदायिनी वायु नहीं बन सकती। अतीत में कोलकता के रास्ते से गोरों ने विनाश का दूत बनकर प्रवेश किया तो वहीं से सुभाषचन्द्र बोस जैसे स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा ने भी स्वाधीनता का शंखनाद किया था। मगर गोरों की चालों ने राष्ट्रनायक सुभाष को गुमनामी के अंधेरे में ढकेलकर अपने चमचों को देश का महान नेता बना दिया था। आजाद हिन्द फौज के रणबांकुरों से भयभीत होकर देश छोडने पर मजबूर हुए गोरों ने जाते-जाते मजहब के नाम पर देश को टुकडों में विभाजित कर दिया था किन्तु आज अनेक राजनैतिक दल हमारे भारत के पुन: टुकडे करने पर तुले हैं। विभाजनकारी, विध्वंशकारी और विनाशकारी सोच को संरक्षण देने वालों को मुंह तोड जबाब दिये बिना राष्ट्र को विकास के रास्ते पर ले जाना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। ऐसे में व्यक्तिगत हितों को त्यागकर राष्ट्र हित के आधार पर ही मतदान करना आवश्यक नहीं बल्कि नितांत आवश्यक है, तभी देश बच सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

**-डॉ. रवीन्द्र अरजरिया-**

# शिक्षा:गुणात्मक सुधार और पुनर्मूल्यांकन की महत्ती आवश्यकता

शिक्षा मन के विचारों की अभिव्यक्ति को यांत्रिक या व्यवहारिक रूप से सामाजिक पृष्ठभूमि प्रदान करने का सशक्त



राजेश बिंजवाल (ज्ञानीचोर) रघुनाथगढ़,सीकर राजस्थान

माध्यम है। शिक्षा एक प्रणाली है। शिक्षा स्वयं से संचार करना सिखाती है। बाह्य संसार में विचारों को मूर्त रूप प्रदान करना शिक्षा का महत्त्वपूर्ण प्रयोजन है। जैसे बिना नाथ के बैल, बिना लगाम के घोड़ा,बिना अंकुश के हाथी से कोई इच्छित प्रयोजन सिद्ध नहीं कर सकते वैसे ही बिना शिक्षा के मनुष्य समाज की महत्वपूर्ण अभिलाषा तो क्या ? स्वयं के जीवन के प्रयोजन को सिद्ध नहीं कर पाता। शिक्षा मनुष्य के जीवन स्तर में सुधार ही नहीं लाती बल्कि बल्कि मनुष्य के सृष्टि में होने के प्रयोजन को भी सिद्ध करती है। जब से शिक्षा की प्रणाली का विकास हुआ है तब से लेकर आज तक शैक्षिक स्वरूप में काल की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, राजनैतिक, वैश्विक स्थितियों के कारण परिवर्तन होता आया है। यह प्रक्रिया अनवरत चलती रहनी चाहिए।

शिक्षा के सम्बन्ध में विद्वानों की विचारधारा और सरकारों के मत में विरोध होता रहा है। वैश्वीकरण के प्रभाव के कारण भी शिक्षा प्रभावित होती रही है।

वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2020 में अनेक परिवर्तन किये है । सरकारी रिपोर्ट और एक्सपर्ट इसे क्रांतिकारी कदम बता रहे है, हो सकता है यह सरकारी थिंक टैंक की एक तिकड़म बाजी हो। भारत की शिक्षा के लिए वैश्विक संगठन भारत को अरबों रूपये सहायता व अनुदान दे रहे है। बदले में भारत वैश्विक आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर शिक्षा में बदलाव ला रहा है। ताकि हम वैश्विक शैक्षिक सरंचना और बौद्धिकता में पिछड़े नहीं। इसका परिणाम क्या होगा ये तो समय ही बतायेगा। परन्तु इतना तय है कि वैश्विक शैक्षिक स्तर के अनुरूप शिक्षा में बदलाव हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता के लिए कष्टदायक और विनाशकारी साबित होगी।

हमे अपनी शिक्षा प्रणाली को यहाँ की परिस्थितियों के अनुकूल विकसित करनी चाहिए। पुरातन शिक्षा और आधुनिकता में समन्वय बिठाना चाहिए। इतिहास की ऐतिहासिक घटना का आज के समाज पर प्रभाव है किंतु वो प्रभाव हम जीवित रखकर क्या हासिल कर लेंगे। मानवोचित उपलब्धि मनुष्य के चरित्र का उत्कर्ष बढ़ाने वाले गुण है। विज्ञान के अनुसंधान आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है किंतु प्राचीन ज्ञान की प्रासंगिकता को जानबूझकर मिटा देना स्वस्थ धारा कैसे हो सकती है?

विज्ञान की अनेक शाखाएं हो गई अध्ययन की सुविधा के आधार पर। किंतु व्यवहारिक प्रयोग सिखाना और समाज में प्रयोग करना नहीं सिखाते। बायोलॉजी के बच्चे को ये सिखाया दिया जाता है कि इस पौधे का वैज्ञानिक नाम क्या है, इसकी कैसी सरंचना है, इसके तत्व कौनसे है, लगभग यही बात सभी शाखाओं में होती है लेकिन वृक्षायुर्वेद/ आयुर्वेद को इसके साथ जोड़ने में क्या परेशानी है ? आयुर्वेद एक अलग विषय है ये मानकर ज्ञान के विभेदीकरण की विनाशकारी प्रक्रिया अपना ली हमने। ऐसी कई भूले हमारी शिक्षा पद्धति में है जिसे हम प्रगतिशील शिक्षा नहीं कह सकते।

शिक्षा में निजीकरण करना शिक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाना और शिक्षकों को मृत्युदंड देना है। शिक्षा को सेवा क्षेत्र में रखने की बजाय व्यवसाय वाले क्षेत्र में जोड़ देना चाहिए सरकार को, हम विरोध नहीं करेंगे। शिक्षक बंधुआ मजदूर बनेगा तो भी विरोध नहीं करेंगे? क्यों करेंगे विरोध बताओं, वेतन बढ़ाने के लिए,शोषण का विरोध करने, मान-सम्मान के लिए,मान सम्मान बचा ही कहाँ है शिक्षकों का अब, सरकारें मोटा पैसा लेती है निजी स्कूल संचालकों से तो उनसे बेवफाई क्यों करेंगी। लोगों के पास पैसा है इसलिए पढ़ा रहे है, पढ़ाओं खूब पढ़े हमारे देश का भविष्य, दूधो नहाओं पूतो फलो। फीस निर्धारित करने वाली स्कूली स्तर पर कमेटी का कागजों में कब्रगाह बना हुआ है। निजी शिक्षकों का कोई भविष्य नहीं है। सरकार कभी नहीं सोचती है इस बारे में।

सरकारी अध्यापकों का संगठन है,निजी स्कूलों का संगठन है, अपनी मांगों के लिए सरकार को झुका देते है परन्तु निजी स्कूल के शिक्षकों का कोई सक्रिय संगठन नहीं है। व्हाट्सएप ग्रूप बहुत है ये बताने के लिए कि आपको रोजगार के लिए इस स्कूल में भटकना है आज।

धन्यवाद व्हाट्सएप ग्रूप संचालक मित्रों, हारे के सहारे आप ही है, राम जी तो है ही इस जगत में सुमिरन के लिए। आपके ही भरोसे बैठे है आप ही हमारे माई-बाप है आप कृपा बनाये रखना। सरकार की निजी शिक्षकों के प्रति अनदेखी क्रूरतापूर्ण वैसा ही कृत्य है जैसे किसी सांड को चार दिवारी में खुला छोड़कर व्यक्ति से कह दिया जाये उसमें धकेलकर कि अपनी रक्षा खुद करो। हाल ही में राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्रीमान मदन दिलावर का वक्तव्य सामने आया उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म (विद्यार्थियों की गणवेश) एक समान होगी। हो जाये तो सबसे अच्छी बात है पर क्या निजी स्कूल संचालक इस बात प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे। आप ये लागू कर सकेंगे। विचार अच्छा है।

### शिक्षा में अपेक्षित सुधार बिंदु-

✱आयुर्वेद की वनौषधि चिकित्सा विज्ञान को कक्षा 9-10 की विज्ञान, 11-12 की बायोलॉजी में जोड़े जिससें बच्चे अपने परिवेश के पेड़-पौधों जड़ी बूटी के महत्व को समझ सकें उनका प्रयोग शरीर के सामान्य रोगों के इलाज के लिए कर सके,प्रकृति सरंक्षण भी होगा,आर्थिक बचत भी होगी।

✱ प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयुर्वेद चिकित्सक की नियुक्ति जो पेड़-पौधों के आयुर्वेदिक उपाय से रोगों के निदान और चिकित्सा पद्धति सीखाये। जिससें शहरों में रोगियों के दबाव को हटाया जा सके गरीबों को आर्थिक लाभ मिले।

✱ विज्ञान, कला,वाणिज्य संकाय के विषयों में व्यवहारिक प्रकरण जोड़े जो प्रयोज्य हो। इतिहास में घटनाओं के इतिवृत्त के स्थान पर उसकी प्रासंगिकता व प्रभाव को वर्तमान समाज से जोड़े।

✱ मस्तिष्क के विकास के लिए व समझ विकसित करने के लिए स्कूली स्तर पर भ्रमण कक्षा की व्यवस्था।

✱ प्रत्येक स्कूल में सिनेमा हॉल बनाये जिसमें प्रति सप्ताह एक कालांश हास्य कार्यक्रम दिखाने व्यवस्था जिससे मस्तिष्क में ताजगी बनी रहे।

✱ प्रत्येक अध्यापक को खाली कालांश में विद्यालय में शयनकक्ष सुविधा ताकि स्फूर्ति बनी रहे। अध्यापक को शिक्षण कार्य के अलावा सभी कार्यों से मुक्त रखे। प्रबंधन के कार्य न कराये, प्रबंध व प्रशासन के लिए अन्य कार्मिकों की नियुक्ति।

✱ निजी स्कूलों के लिए सरकारें अलग से एक आयोग स्थापित कर निजी शिक्षकों को नियुक्ति,वेतन-भत्ते दे।वेतन स्कूल संचालक स्वयं न देकर आयोग के माध्यम से वेतन मिले। बारहमासी रोजगार मिले। हटाने के उचित कारण होने पर आयोग कार्यवाही करे। आयोग के माध्यम से ही शिक्षकों की नियुक्ति हो।

✱ निजी स्कूलों के शिक्षकों को सरकारी स्कूल शिक्षक जैसी सुविधाएं व मान सम्मान मिले वैसा ही प्रशिक्षण हो।

✱ राजकीय व निजी सभी श्रेणी के विद्यालयों की यूनिफॉर्म समान हो। यूनिफॉर्म पर स्कूल का लोगो व नाम न हो। न ही स्कूल बैग स्कूल का विज्ञापन हो। बच्चों को विज्ञापन का माध्यम बनने न दे। स्कूल अपने आईडी कार्ड के सिवा कुछ भी न दे। वह आई कार्ड आधार अप्रूवल हो तथा उसकी वैद्यता तब तक हो जब बच्चा सम्बंधित विद्यालय में पढ़े।

✱ निजी स्कूलों में डमी बच्चों का कारोबार बढ़ रहा है इस पर सख्ती करें। बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था हो।

✱ विद्यालय में मोबाइल उपयोग पर पाबंधी हो। विद्यालय फोन उपयोग करे। डिजिटल कक्षा निर्माण। प्रत्येक ग्राम में आवासीय विद्यालय। जीवन कौशल को अनिवार्य विषय बनाये।

✱ प्राचीन भारतीय शिक्षा शास्त्र को अपनाये। वेद ,वेदांग, दर्शन शास्त्र का अध्ययन। मन विकास व अध्ययन की भारतीय पद्धति को अपनाये। अष्टांग योग का अध्ययन।

# क्या पहले दौर की कम वोटिंग से मोदी हुए निराश ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के गुजरात से स्टे आदिवासी क्षेत्र बांसवाड़ा में दिए गए भाषण पर कांग्रेस ने बहुत ही तीखी और चुनौतीपूर्ण प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने इससे पहले मोदी के किसी चुनावी भाषण पर उतनी तीखी टिप्पणियाँ नहीं की, जितनी इस भाषण पर की हैं।

मोदी ने भी इससे पहले अपने किसी भाषण में इतनी तीखी टिप्पणियाँ नहीं की थीं, जितनी पहले दौर की मतगणना के 48 घंटे बाद दिए भाषण में की हैं। प्रधानमंत्री का यह भाषण पूरी तरह सांप्रदायिक रंग में रंगा हुआ था। मोदी ने हिन्दुओं को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस की सरकार आ गई, तो वे हिन्दू औरतों का मंगलसूत्र उतरवा कर मुसलमानों को सौंप देंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस मां-बहनों का सोना लेकर घुसपैठियों को बांटना चाहती है।

कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के इस भाषण की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि वह नफ़रत के बीज बो रहे हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेंद्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

पहले चरण की 102 सीटों पर हुए मतदान के प्रतिशत और हिंदी पट्टी के प्रदेशों में हुई वोटिंग को पूरे चुनाव का सैंपल मानें तो लोगों में मोदी को लेकर वह जोश नहीं दिख रहा है,जो 2014 और 2019 में दिखाई देता था। पहले चरण की 102 सीटों पर 64 प्रतिशत वोटिंग हुई, जो 2019 की 70 प्रतिशत वोटिंग से कोई छह प्रतिशत कम है।

पहले चरण की 102 सीटों की 64 प्रतिशत वोटिंग भी तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर 57 सीटों पर हुई वोटिंग की बदोलत है, जहां 70 प्रतिशत से 82 प्रतिशत तक वोटिंग हुई। उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 61.11 प्रतिशत वोटिंग हुई, जबकि 2019 में इन्हीं आठ सीटों की वोटिंग 66.41 प्रतिशत थी। इसी तरह राजस्थान में जिन 12 सीटों पर चुनाव हुआ, उनमें हर सीट पर छह से 10 प्रतिशत पर कम वोटिंग हुई। पिछली बार ये सभी 12 सीटें भाजपा जीती थी, दो-तीन को छोड़ कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा ने उम्मीदवार बदले थे।

लक्षद्वीप,अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर उत्तराखंड, बिहार और मध्य प्रदेश सब जगह वोट प्रतिशत गिरा। पहले चरण की जिन 102 सीटों पर वोटिंग हुई है,पिछली बार इन 102 सीटों में से भाजपा 40 सीटें जीती थी। भाजपा को यह सोचना पड़ेगा कि रामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण और 370 हटाए जाने के हिंदुत्व वाले मुद्दों के बावजूद उसके प्रभाव वाले इलाकों में तो वोटिंग कैसे और क्यों घट गई, जबकि तमिलनाडु और बंगाल में वोट प्रतिशत बरकरार रहा।

बड़े जोर शोर से कहा जा रहा था तमिलनाडु में अन्नामलाई के दमदार नेतृत्व के चलते भाजपा 4 से 6 तक सीटें जीतेगी ही, आठ सीटें भी जीत सकती है। अन्नामलाई को भाजपा उसी तरह दक्षिण भारत के चेहरे के तौर पर उभार रही है, जैसे हेमंत बिस्व सरमा को पूर्वोत्तर के प्रभावशाली चेहरे के तौर पर पहचान मिली है। उन्हें केरल और कर्नाटक में भी प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन उनके खुद के कोयंबटूर से जीतने की संभावनाए कमजोर हुई हैं। कोयंबटूर, चेन्नई दक्षिण और रामनाथपुरम से भाजपा की जीत की भविष्यवाणियां की गई हैं, लेकिन इन तीनों सीटों पर तमिलनाडु के औसत से भी कम वोटिंग हुई है।

लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से प्रधानमंत्री मोदी ने पहले चरण की वोटिंग के बाद संतोष जाहिर किया, उन्होंने एक्स पर लिखा- पहला चरण शानदार प्रतिक्रिया, आज मतदान करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। आज के मतदान से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिल रही है। यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकार्ड संख्या में एनडीए के लिए वोटिंग कर रहे हैं। जबकि अखिलेश यादव ने मोदी की प्रतिक्रिया से कोई पांच घंटे पहले ही लिख दिया था कि भाजपा का पहले दिन फ्लाप शो हो गया है। उन्होंने तो मोदी



और भाजपा का विकल्प चुनने के लिए वोटरों को बधाई भी दे दी।

पता नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया जमीनी हकीकत से अलग क्यों थी। क्या वह ऐसा समझ रहे हैं कि वोटिंग घटने से उन्हें फायदा होगा,एक आकलन यह भी दिया जा रहा है कि मोदी विरोधी खासकर मुस्लिम वोट डालने नहीं आए, क्योंकि उनका मनोबल पहले ही गिर चुका है कि आएगा तो मोदी ही। लेकिन इस बात को जांचने का क्या तरीका है कि किस के वोट घरों से नहीं निकले। जबकि नतीजे काफी हद तक वोटिंग पर निर्भर करते हैं, 2014 और 2019 में वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी से भाजपा को फायदा हुआ था। वोटिंग की बढ़ती संख्या के साथ नरेंद्र मोदी का जो ग्राफ उछलता था, वह ट्रेंड इस चुनाव में गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। 2014 में 66.44 प्रतिशत और 2019 में 67.40 प्रतिशत वोटिंग हुई। 66.44 प्रतिशत वोटिंग पर भाजपा को 282 और 67.40 प्रतिशत पर 303 सीटें मिलीं थीं। अगर अगले छह चरणों में भी यही ट्रेंड रहता है और मतदान 64-65 प्रतिशत पर आ कर टिकता है, तो भाजपा 2014 का आंकड़ा भी नहीं छू सकती, इसका मतलब यह हुआ कि भाजपा 370 पार नहीं, बल्कि उसके 270 पार की संभावना भी खत्म हो जाएगी। उसकी सरकार तो बन जाएगी, लेकिन वह एनडीए के घटक दलों पर निर्भर हो जाएगी। लेकिन यह उसी सूरत में होगा,अगर अगले छह चरणों में वोट प्रतिशत 2019 वाला न रहा।

पहले चरण की वोटिंग के बाद राहुल गांधी के हौसले बुलंद हैं, उन्होंने कहा है कि भाजपा केवल 150 सीटें हासिल करेगी, इससे एक सीट भी ज्यादा नहीं आएगी। संभवत महंगाई और बेरोजगारी की वजह से नए वोटरों में नरेंद्र मोदी को लेकर वह उत्साह नहीं है जो 2014 और 2019 के चुनाव से पहले बना था। महंगाई और बेरोजगारी का असर सिर्फ युवाओं पर ही नहीं है, उनके अभिभावकों पर भी दिखाई देता है, तभी भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में वोटिंग में जबर्दस्त गिरावट देखने को मिल रही है। पहले चरण की वोटिंग तो बताती है कि मोदी के प्रति कोई हवा नहीं है, जैसा कि ओपिनियन पोल में दावे किए जा रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने भले ही 19 अप्रेल को वोटिंग के बाद एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में संतोष व्यक्त किया था, लेकिन पहले चरण की वोटिंग के बाद उनके भाषणों के तेवर बदल गए हैं। उनके बांसवाडा भाषण में मुसलमानों को लेकर की गई टिप्पणी उनकी अब तक की टिप्पणियों से ज्यादा तल्खी लिए हुए है। उन्होंने कहा कि हिन्दू औरतों से मंगलसूत्र ले लिया जाएगा, और उन्हें बाँट दिया जाएगा, जिनके ज्यादा बच्चे हैं। किसी धर्म या समुदाय विशेष पर इस तरह का सीधा प्रहार उन्होंने पहले कभी नहीं किया था।

मोदी क्योंकि आदिवासी इलाके बांसवाड़ा में बोल रहे थे, इसलिए उन्होंने कहा, हमारे आदिवासी परिवारों में चांदी होती है उसका हिसाब लगाया जाएगा, जो बहनों का सोना है, और जो संपत्तियां हैं, ये सबको समान रूप से वितरित कर दी जाएंगी, क्या ये आपको मंज़ूर है? आपकी संपत्ति सरकार को लेने का अधिकार है क्या? क्या आपकी मेहनत करके कमाई गई संपत्ति को सरकार को ऐंठने का अधिकार है क्या?

अपने भाषण में मोदी ने कहा, पहले जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है, इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठा करके किसको बांटेंगे- जिनके ज़्यादा बच्चे हैं,उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे। आपकी मेहनत का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। क्या आपको मंज़ूर है ये?

प्रधानमंत्री मोदी ने यह सब कुछ कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र के हवाले से कहा था, उन्होंने बिना शब्दों को चबाए कहा, ये कांग्रेस का मेनिफेस्टो कह रहा है कि वो मां-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उसे बांट देंगे और उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। भाइयों बहनों ये अर्बन नक्सल की सोच, मेरी मां-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे,ये यहां तक जाएंगे। प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी पर कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री देश में नफ़रत के बीज बो रहे हैं। मोदी के भाषण के ख़त्म होने के कुछ देर बाद ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने मोदी को चुनौती दी और कहा, आप देश को हिंदू-मुसलमान के नाम पर झूठ परोसकर बांट रहे हैं। मैं चुनौती देता हूं प्रधानमंत्री को कि कांग्रेस के मेनिफेस्टो में कहीं भी मुसलमान और हिंदू शब्द हो तो हमें बताएं और ये चुनौती स्वीकार करें या नहीं तो झूठ बोलना बंद करें।

**-अजय सेतिया-**

श्याम सुंदर साहू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

### तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर

लोकतंत्र का यह पावन पर्व
हम सब मनाएंगे मिलकर
व्यक्तिगत हित को त्यागकर
तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर।
लालच में आकर देगा वोट
नही होगा देश का विकास
यह बात दिमाग में नोट कर
तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर
बिना किसी डर और भय के
जाति धर्म से ऊपर उठकर
चित्र नहीं चरित्र को देख के
तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर।
अपने धर्म की रक्षा के लिए
सही व्यक्ति का चुनाव कर
सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए
तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर।
शत प्रतिशत का लक्ष्य पूरा होगा
जब घर से निकल कर देगा वोट
एक वोट की ताकत को समझकर
तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर।
देश के उज्जवल भविष्य के लिए
अच्छे नेतृत्वकर्ता का चुनाव कर
विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए
तू राष्ट्र हित के लिए वोट कर।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### हरी-भरी हो वसुंधरा



मोनिका डागा आनंद ,
चेन्नई,
तमिलनाडु

बहुमूल्य संपदा जिसके गर्भ में उपस्थित,
अवनि बरसाती जीवन सुख क्षण-क्षण।
कहती पृथ्वी मां प्रदूषण खत्म करो,
वेदना असहाय चुभती बहते अश्रु झर-झर।
मातृभूमि जीवनदायिनी मैं तुम्हारी,
पालन-पोषण करती पल-पल,
प्रथम कर्तव्य तुम्हारा भी है,
शुद्ध हो बहता जल कल-कल ।
प्राकृतिक सौंदर्य बिखरे धरा पर,
जलवायु हो शुद्ध कण-कण,
प्रसन्न हो हर जीव-जंतु,
प्रेम पुष्प आनंदखिला हो जन-जन।
पर्वत, झील, नदियां, सागर,
पेड़, पौधे, वन,उपवन रत्न धन-धन
आंगन हो धरती का उपजाऊं,
मेघ बरसाएं सोम रस नेह घन-घन ।
मौसम बदलती ऋतुएं आती,
गुंजन करें मधुकर मधुर गुन-गुन
किसलय नव पल्लवित हो वृक्ष,
सुमन खिले रंग बिरंगे धरा पर चुन-चुन ।
सूरज की लालिमा चंदा की चांदनी फैली,
अंकुरित हो अन्न भूमि पर अमृत भर-भर,
आवस सुरक्षित हो पशु पक्षियों का,
ना हो बंधन और कोई डर-डर।
प्रयास करो हरी भरी हो वसुंधरा,
चहके पक्षी मदमस्त हो डाली-डाली,
झूमे मन मयूर नृत्य करें मनोहर,
गीत गाएं सुंदर कोयल काली-काली ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

### कॉकरोच

कॉकरोच की सुनो कहानी।
करते हैं अपनी मनमानी।।
कोने-कोने में छिप जाएं।
सभी मित्र अपने सँग लाएं।।
अर्धरात्रि सब बाहर आए।
इक दूजे से भेंट लगाए।।
इर्द-गिर्द कर भागादौड़ी।
लगे घूमने जोड़ीङ्कजोड़ी।।
दावत इनकी लगी रसोई।
लिपटे सब आटे की लोई।।
भोजन को जूठा कर जाते।
फूड पॉइज़न ये फैलाते।।
तभी अचानक मम्मी जागी।
हाय राम ! चिल्लाती भागी।।
मन ही मन तरकीब लगाई।
कॉकरोच की नहीं भलाई।।
आज सभी को मजा चखाऊँ।
अपने घर से इन्हें भगाऊँ।।
जल्दी से वो हिट ले आई।
कोने-कोने में छिड़काई।।
अफरा तफरी ऐसी छाई।
सोचे क्या आफत है आई
इक दूजे से वे टकराते।
कॉकरोच सब गिरते जाते।
सुध बुध खोकर दौड़ लगाते
ना आने की कसमें खाते
जान बचाकर सारे भागे।
कोई पीछे कोई आगे।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



अशोक पटेल आशु
तुस्मा,
शिवरीनारायन
छत्तीसगढ़

### मेरी किताब

मेरी किताब गुणों की खान है,
किताब से मिला अक्षर-ज्ञान है।
किताब स्वर-व्यंजन का ज्ञान है
इसी में मिलता सब को ज्ञान है।
ज्ञानी- ध्यानी भी करे गुनगान है
किताब की महिमा बड़ी महान है।
किताब ज्ञानी का सारा जहान है
किताब से मिलता इन्हें सम्मान है।
किताब से जड़ होता सुजान है
किताब से ही गुरु की पहचान है।
किताब से होता गुरु का भान है
किताब सभी, का स्वाभिमान है।
किताब ही वेद और पुराण है
किताब ही गीता और रामायण है।
किताब ही भक्ति और भगवान है
किताबे बनाती संस्कारवान है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर ..................न्यायालय.................. के अधीन होगा।

# पीजी कॉलेज ग्राउण्ड सभा स्थल सजकर तैयार

# सबको है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इंतजार

## मंच पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह,मंत्री रामविचार नेताम सहित रहेंगे कई दिग्गज उपस्थित रहेंगे



- संवाददाता -

अंबिकापुर,23अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। पीजी कॉलेज ग्राउण्ड सभा स्थल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सजकर तैयार है। अब आज सुबह सबको देश के प्रधानमंत्री के आने का इंतजार है। विदित है कि की अपनी तीसरी सभा को अंबिकापुर में संबोधित करने देश के प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं। इससे पहले 2014 में बीजेपी व एनडीए के उम्मीदवार के रूप में तथा 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान पी जी ग्राउण्ड पर आयोजित जन सभा में नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार करने आए थे। कल मोदी जी की सभा में मंच पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे सहित संभाग के सभी विधायकगण उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अंबिकापुर स्थित पीजी कॉलेज ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस सभा के जरिए प्रधानमंत्री सरगुजा, कोरबा, रायगढ़ लोकसभा के मतदाताओं को साधने का प्रयास करेंगे। भाजपा संगठन का दावा है कि चुनावी सभा में एक लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटेगी। सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महराज चुनावी मैदान में हैं। इनके साथ इस चुनाव में सरगुजा से दो कैबिनेट मंत्री व 6 विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। कार्यक्रम की पूरी तैयारी भाजपा संगठन द्वारा कर ली गई है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए 10 आईपीएस सहित 15 सौ से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसपीजी के अधिकारियों की निगरानी में चार लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री रायपुर से हेलीकॉप्टर से 10.35 बजे अंबिकापुर गांधी स्टेडियम पहुंचेंगे। यहां से वह पीजी कॉलेज कार्यक्रम स्थल जाएंगे और 10.45 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### मेडिकल टीम भी गठित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन बुधवार को अंबिकापुर में होना है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की भी ड्यूटी लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था अंतर्गत छह दलों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 13 चिकित्सक 32 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह दल मख्य एंबुलेंस चिकित्सालय के विशेष कक्ष के अलावा, मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा, अंबिकापुर के अलावा हेलीपैड स्थल स्टेडियम ग्राउंड, आमसभा के प्रथम छोर पर, आमसभा के द्वितीय छोर पर मौजूद रहेंगे। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि हेलीपैड स्टेडियम ग्राउंड में एक एएलएस दल की उपस्थित रहेगी, इसमें भेषज विभाग, निश्चेतना विभाग, सर्जरी विभाग, अस्थि रोग विभाग के चिकित्सकों के अलावा लैब टेक्निशियन, स्टाफ नर्स, ईसीजी, वेन्टीलेटर टेक्निशियन सहित अन्य स्टाफ ए बुलेंस के साथ मौजूद रहेंगे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फिनिटव सेंटर बनाया गया है, यहां मेडिकल व सर्जिकल आइसीयू के दो-दो बेड, एक मेजर ओटी को आवश्यक उपकरणों के साथ रिजर्व रखा गया है। कंटीजेन्सी व्यवस्था के तहत ज्यादा जरूरत पड़ने की स्थिति में होलीक्रास अस्पताल के ओटी, आइसीयू को रिजर्व रखा गया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री के विशेष सुरक्षा के लिए पहुंची एसपीजी की टीम ने अस्पताल के ओटी, आइसीयू कक्ष के कोने-कोने का जायजा लिया। यह टीम प्रधानमंत्री के शहर आगमन के पूर्व से टेकऑप करने के एक घंटे बाद तक अपनी उपस्थिति टेकऑप स्थल पर ही सुनिश्चित करेंगे, इसके बाद ही इनकी वापसी होगी।



## मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती,पूरे दिन होती रही पूजा अर्चना

- संवाददाता -

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। मंगलवार को हनुमान जयंती जिले भर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ मनाई गई। हनुमान मंदिरों में देर शाम तक भजन कीर्तन जारी रहा। मंदिरों में अखंड हरिकीर्तन होने से वातावरण भक्तिमय रहा।

हनुमान जयंती पर मुख्य आयोजन शहर के स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में किया गया। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। मंगलवार की सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचना शुरू कर दिए थे। महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा सामूहिक पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर आरंभ हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा पूरी तैयारी गई गई थी। मंदिर के पुजारी द्वारा पूजा अर्चना के बाद भजन कीर्तन का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान भक्तों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। हनुमान जयंती के अवसर पर भक्त बजरंग बली के दर्शन करने विभिन्न मंदिरों में देर शाम तक पहुंचते रहे। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर के अलाव शहर के अन्य मंदिरों में भी हनुमान जी की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। इस दौरान स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में पार्षद हरमिन्दर सिंह टिन्नी, किशोर सिंह बघेल, दूधनाथ गोस्वामी, रोचक गुप्ता, शानू कश्यप व अन्य लोग सक्रिय रहे।

## साढ़े 8 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार





- संवाददाता -

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। गांधीनगर पुलिस ने साढ़े 8 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से परिवहन कर शराब बिक्री करेन के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर पुलिस को 22 अप्रैल को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि डिगमा में एक युवक पिट्ठू बैग में अंग्रेजी शराब रखकर बाइक से बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदेही को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास बैग में जम्मू स्पेशल व्हीस्की 180 एमएल कुल 47 नग 8 लीटर 460 मिलीलीटर पाया गया। जिसकी कीमत 5640 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी मनीष नागेश (27) निवासी महामाया पारा थाना कोतवाली अंबिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, आरक्षक अतुल सिंह,बृजेश राय, अनिल सिंह, मनीष सिंह, रामजी खलखो शामिल रहे।

## शराब के नशे में पत्नी की बेदम पिटाई,इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। शराब के नशे में पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। उसे गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के झिलमिली, भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम कोमो की सविता घसिया 25 वर्ष का विवाह बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झूमरपारा निवासी बाबी से हुआ था। विवाह के बाद से ही आरोपी पति अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते आ रहा था। इसकी जानकारी वह अपने भाई भोलाराम को घटना दिवस ही दी थी। शाम को जब भोलाराम अपनी बहन के ससुराल पहुंचा तो वह बेहोश पड़ी थी, उसका पति घर से मारपीट करने के बाद भाग गया था। बहन की स्थिति देख वह उसे तत्काल करंजी पुलिस चैकी बेहोशी की हालत में ले गया। पुलिस उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में भर्ती कराई थी। महिला की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया। स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह वह दम तोड़ दी। स्थानीय पुलिस ने इसकी सूचना करंजी चैकी पुलिस को दी है और मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

## थार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,गुस्साए लोगों ने वाहन में लगाई आग





- संवाददाता -

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। सीतापुर थाना क्षेत्र के एनएच-43 मंगारी मुख्य सड़क पर सोमवार की रात को तेज रफ्तार थार गाड़ी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और थार को आग के हवाले का दिया। इससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार कुनकुरी निवासी पारसनाथ नगेशिया (20) सोमवार की शाम को किसी काम से बाइक से मंगारी गया था। वहां से रात करीब 8 बजे अपनी बहन को लेने बतौली जाने के लिए निकला था। मंगारी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि सीतापुर की ओर से तेज रफ्तार जा रही थार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं थार की टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। थार गाड़ी का रफ्तार काफी तेज होने के कारण हुए हादसे से लोगों में आक्रोश था। गुस्साए लोगों ने थार गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। इधर सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक थार जलकर खाक हो चुकी थी। वहीं हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो चुका था। थान सूरजपुर जिले के किसी व्यक्ति की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो भी मौके पर पहुंचे थे। एनएच-43 पर पिछले कुछ दिनों से घटनाएं लगातार हो रही है। जब से सड़क बनकर तैयार हुआ है तब से वाहन चालक रफ्तार पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। वाहन की गति काफी तेज होने के कारण आए दिन सड़क हादसें हो रहे हैं और लोगों की जानें जा रही है।

## हनुमान जयंती पर जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया फल



- संवाददाता -

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। महिलाओं की समाज सेवी संस्था रोटी बैंक द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर राहगीरों को शीतल जल और मेडिकल कालेज अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किया गया। रोटी बैंक संयोजक सीमा सोनी के अगुवाई में महिलाओं ने हनुमान मंदिर के बाहर शीतल जल, गुड़ और चना का प्रसाद वितरण किया। अस्पताल के रोटी बैंक शेड में मरीजों और उनके परिजनों को केला, अंगूर, गुड़, चना और ठंडा पानी वितरण किया। उल्लेखनीय है कि रोटी बैंक की महिलाओं द्वारा नियमित रूप से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों उनके परिजनों और जरूरतमंदों को रोटी सब्जी का वितरण किया जाता है। रोटी बैंक से जुड़ी करीब सौ से ज्यादा महिलाएं अपने घरों से रोटी बनाकर लाती हैं जिसे वितरित किया जाता है। इस आयोजन पूजा शर्मा, सरोज सिंह, गीता प्रजापति, मोना रॉय, सरला राय, प्रतिभा सिंह, पूनम कुशवाहा, उषा शर्मा, सोनिका शर्मा, कंचन श्रीवास्तव, आशा विश्वकर्मा, शकीला परवीन, स्वाति श्रीवास्तव, अनामिका श्रीवास्तव सहित अन्य महिलाओं ने योगदान दिया।

## मवेशियों कों बुचखाना ले जाते 3 आरोपी गिरफ्तार

### कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही

**पुलिस चौकी केदमा द्वारा मामले की गई त्वरित कार्यवाही**

**आरोपियों के कब्जे से 21 नग मवेशी एवं घटना मे प्रयुक्त 03 नग डंडा किया गया जप्त**

**मामले मे पशु क्रूरता अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत भी की जा रही सख्त कार्यवाही**




- संवाददाता -

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत संदिग्ध गतिविधियों वाले आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी हैं इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी भागवत यादव साकिन कुमडेवा चौकी केदमा उदयपुर द्वारा पुलिस चौकी केदमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 22/04/24 को 03 संदिग्ध व्यक्ति कोसा बाड़ी सड़क किनारे जंगल के पास 21 रास मवेशियो कों डंडा से मारते पीटते हुए क्रूरतापूर्वक भूखे प्यासे पैदल हाकते हुए झारखण्ड बुचड़खाना की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौक़े पर रवाना होकर त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनो संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01)सीता राम उम्र 28 वर्ष साकिन अक्षयपुर रामानुजनगर श्रीनगर जिला सूरजपुर (02) अमान खान उम्र 50 वर्ष साकिन परशुरामपुर पोड़ी रामानुजनगर श्रीनगर जिला सूरजपुर (03) रामचरण उम्र 30 वर्ष साकिन मोहनपुर उदयपुर जिला सरगुजा का होना बताये जो आरोपियों के कब्जे से 21 रास मवेशी मौक़े से जप्त किया गया एवं आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, जो आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना उदयपुर मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 87/24 धारा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(अ), छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6,10 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 03 नग डंडा जप्त किया गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे चौकी प्रभारी केदमा सहायक उप निरीक्षक एस.एल.राज, प्रधान आरक्षक घनश्याम यादव, आरक्षक कृष्ण कुमार सिंह गजाधर राम, जोधन पैकरा शामिल रहे।




## नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश का संघ ने किया स्वागत

- संवाददाता -

राजपुर ,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। अधिवक्ता संघ राजपुर ने व्यवहार न्यायालय राजपुर में आयोजित कार्यक्रम में नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश आलोक पांडेय का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान स्वागत उद्बोधन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल ने देते हुए कहा कि वास्तव में अधिवक्ता न्यायालय के धुरी के समान है जिनके बगैर न्याय दान की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राजपुर न्यायालय में माननीय उच्च न्यायालय ने पांचवें न्यायाधीश के रूप में पांडे जी की पदस्थापना की है। आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों के लिए न्याय दान की प्रक्रिया में और तेजी आएगी, जिसमें सबको मिलकर समान रूप से काम करने की जरूरत होगी।

न्यायाधीश आलोक पांडे ने इस अवसर पर कहा कि सबके सहयोग से मामलों के निपटारे में तेजी से काम करने के साथ-साथ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान रहेगा। इस स्तर पर काम करने में तमा विषमताओं के साथ काम करना पड़ता है। इन सबसे ऊपर उठकर संघ के अधिवक्ताओं के सहयोग से बेहतर कार्य करने की पूरी कोशिश होगी। आयोजन में उपस्थित अधिवक्ताओं को अधिवक्ता उमेश झा व अशोक बेक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव सुनील सिंह ने किया।

## डाक मतपत्र से मतदान करने बनाए गए सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेंटर

अंबिकापुर,23 अप्रैल 2024

(घटती-घटना)। अम्बिकापुर 23 अप्रैल 2024/ लोकसभा समान्य निर्वाचन 2024 हेतु सरगुजा निर्वाचन क्षेत्र से सरगुजा जिला अंतर्गत डाक मतपत्र, पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदाताओं में मतदानकर्मी,पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, वाहन चालक,कंडक्टर,हेल्पर,विडियोग्राफर आदि के लिए डाक मतपत्र हेतु सुविधा केन्द्र तथा अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।

पुलिस लाईन अम्बिकापुर में स्थापित किए गए सुविधा केंद्र में 30 अप्रैल को सुबह 10:30 से सायं 5:30 बजे तक पुलिस, नगर सेना, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मतदान करेंगें। वहीं कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित किए गए सुविधा केंद्र में 02 मई से 06 मई तक सुबह 10:30 से 05:00 बजे तक मतदान कर्मी, अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो सरगुजा जिले के पंजीकृत मतदाता है, वाहन चालक, कंन्डक्टर, हेल्पर, विडियोग्राफर इत्यादि वोट करेंगे। इसी प्रकार कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित किए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाता 29 अप्रैल 2024 से 01 मई तक सुबह 09:00 से 05:00 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

CMYK

# रूसी अदालत से अमेरिकी पत्रकार को लगा बड़ा झटका,मॉस्को की जेल में जून अंत तक काटेंगे सजा

**मास्को,23 अप्रैल 2024।** मॉस्को की अदालत से अमेरिकी रिपोर्टर को बड़ा झटका लगा है। जासूसी के आरोप में रूस में गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर को फिलहाल जून के आखिर तक जेल में ही रहना होगा। अदालत ने 32 साल के रिपोर्टर गेर्शकोविच की अपील खारिज करते हुए यह आदेश दिया है।



### जून अंत तक जेल में रहना होगा

बता दें कि गेर्शकोविच को 2023 के अंत में रूस के येकातेरिनबर्ग शहर से गिरफ्तार किया गया था। वो एक साल से अधिक समय सलाखों के पीछे बिता चुके हैं। पिछले महीने उन्होंने और उनके वकीलों ने जमानत के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर मंगलवार को मॉस्को की अदालत ने सुनवाई करते हुए खारिज कर दिया। इस तरह उन्हें अब जून अंत तक जेल में ही रहना होगा।

### रूस के सैन्य ठिकाने की जासूसी का आरोप

रूस की संघीय सुरक्षा सेवा के अधिकारियों का गेर्शकोविच पर आरोप लगाया है कि वे अमेरिका के निर्देशों पर काम कर रहे थे। यह भी कहा गया है कि अमेरिकी रिपोर्टर द्वारा रूसी सैन्य-औद्योगिक परिसर के उद्यमों में से एक की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही थी।

### अमेरिका ने रूस पर सबूत न देने का आरोप लगाया

खुद गेर्शकोविच और वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रूस के आरोपों से इनकार किया है। इससे पहले अमेरिकी सरकार ने कहा है कि गेर्शकोविच को गलत तरीके से हिरासत में लिया गया है। अमेरिका का दावा है कि रूसी अधिकारियों ने जासूसी के आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है।

### 37 साल के बाद रिपोर्टर की गिरफ्तारी का पहला मामला

रिपोर्टर को मॉस्को की लेफोर्टोवो जेल में रखा गया है। गेर्शकोविच 1986 के बाद से रूस में जासूसी के आरोपों का सामना करने वाले पहले अमेरिकी रिपोर्टर हैं। इनसे पहले यूएस न्यूज और वर्ल्ड रिपोर्ट के मॉस्को संवाददाता निकोलस डैनिलॉफ को केजीबी ने गिरफ्तार किया था।

# एरिजोना में दो वाहनों की हुई भीषण टक्कर, हादसे में दो भारतीय छात्रों ने गंवाई जान

**एरिजोना,23 अप्रैल 2024।** संयुक्त राज्य अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे भारत के दो छात्रों की एरिजोना में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। निवेश मुक्का और गौतम कुमार पारसी की शनिवार रात (स्थानीय समय) पियोरिया में उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार दूसरी कार से जा टकराई। दोनों की उम्र 19 वर्षीय थी।

**दो वाहन आपस में टक्कराए-** पियोरिया पुलिस के अनुसार, सड़क



हादसा 20 अप्रैल को शाम छह बजकर 18 मिनट पर हुआ। राज्य मार्ग 74 के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर दो वाहन (एक सफेद किया फोर्टे और एक लाल फोर्ड एफ150) आपस में टक्करा गए थे। टक्कर के समय लाल स्र150 में एक व्यक्ति सवार था। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसे छुट्टी दे दी गई।

**घायल ड्राइवर को अस्पताल में किया भर्ती-** सफेद किया फोर्टे वाहन के अंदर तीन लोग सवार थे। यह टक्कर इतनी भयंकर थी कि गौतम और निवेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसे छुट्टी दे दी गई।

एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी ने कहा कि इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एंड स्कॉलर्स सेंटर छात्रों के डीन, परामर्श सेवाओं और आवास प्रतिनिधियों के साथ काम कर रहा है ताकि छात्र के दोस्तों और पीड़ितों के साथियों की पहचान कर सहायता की जा सके।

# भारत की बढ़ेगी वायु रक्षा क्षमता, अगले साल S-400 की शेष दो रेजीमेंट की आपूर्ति करेगा रूस

**नई दिल्ली,23 अप्रैल 2024।** भारत नई समयसीमा के तहत अगले साल तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट हासिल करने के लिए तैयार है। यूक्रेन में युद्ध के मद्देनजर इसकी आपूर्ति में कुछ देरी हुई। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



रूस पहले ही 5.5 अरब डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की इस मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयों की आपूर्ति कर चुका है। सूत्रों ने बताया कि सितंबर तक भारत को युद्धपोत तुशिल भी मिलने की उम्मीद है। इस रूस के द्वारा निर्मित किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरा युद्धपोत तमाल की जनवरी में रूस द्वारा आपूर्ति की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मूल समयसीमा के मुताबिक जहाजों की आपूर्ति 2022 तक होनी थी। लेकिन यूक्रेन में युद्ध के कारण डिलीवरी में देरी हुई। रूस 2018 में हुए चार फ्रिगेट सौदे के तहत स्टील्थ फ्रीगेट की आपूर्ति कर रहा है। शेष दो जहाज भारत में बनाए जा रहे हैं। एस-400 मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति अगले साल तक पूरी हो जाएगी।

चीन से पैदा होने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत मिसाइल प्रणालियां खरीद रहा है, ताकि अपनी वायु शक्ति क्षमता को बढ़ाया जा सके। भारत ने अक्तूबर 2018 में रूस के साथ एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की पांच इकाई खरीदने के लिए 5.5 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अनुबंध आगे बढ़ने पर सीएएटीएसए के तहत प्रतिबंध लग सकते हैं।

सीएएटीएसए रूसी रक्षा और खुफिया क्षेत्रों के साथ लेनदेन में लगे किसी भी देश के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान करता है। रूस ने दिसंबर 2021 में मिसाइल प्रणाली की पहली रेजीमेंट की आपूर्ति शुरू की और इसे भारत के उत्तरी क्षेत्र में चीन के साथ लगी सीमा और पाकिस्तान के साथ लगी सीमा को कवर करने के लिए तैनात किया गया है।

एक सूत्र ने कहा, आपूर्ति 2024 तक पूरी होनी थी। रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण एस-400 मिसाइलों की आपूर्ति में कुछ देरी हुई। आपूर्ति के लिए एक नई समयसीमा तय की गई है।



# मलयेशिया में नौसेना के दो हेलीकॉप्टर टकराने के बाद क्रैश हुए,क्रू के सभी 10 सदस्यों की मौत

**कुआलालंपुर, 23 अप्रैल 2024।** मलयेशिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई। यहां नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों हवा में आपस में टकरा गए। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार 10 करू सदस्यों की मौत हो गई । मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।


रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# विदेशी नौसैन्य अफसरों की बैठक में चेताया,चीन बोला-नाकाबंदी से बचें

**मनीला,23 अप्रैल 2024।** दक्षिण सागर में फिलीपीन के साथ हुए हिंसक समुद्री संघर्षों के बीच अमेरिका-फिलीपीन में अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू हो गया। उधर, चीनी किंगदाओ शहर में विदेशी नौसैन्य अफसरों की बैठक में शीर्ष चीनी अधिकारी ने चेताया कि विवादित क्षेत्र में नाकाबंदी से बचें। चीन के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले सैन्य अधिकारी झांग यूक्सिया ने कहा, समुद्र एक ऐसा क्षेत्र नहीं होना चाहिए जहां देश अपनी 'गनबोट मांसपेशियों' का प्रदर्शन करें। झांग ने कहा, चीन वार्ता से अन्य देशों के साथ समुद्री विवादों को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। विवादित क्षेत्र में शुरू युद्धाभ्यास के बीच झांग ने चेताया कि चीन अपना दुरुपयोग नहीं होने देगा। झांग ने धमकाया, जो लोग जानबूझकर दूसरों को उकसाते हैं, तनाव भड़काते हैं, या स्वार्थ के लिए दूसरे पक्ष के विरुद्ध एक पक्ष का समर्थन करते हैं, वे खुद को ही नुकसान पहुंचाएंगे। संगोष्ठी से दूर रहा फिलीपीन।

# मालदीवः अब दुनिया देखेगी आजादी के मुद्दे पर कहां खड़े हैं हमारे लोग, मुइज्जू ने फिर उगला भारत के खिलाफ जहर

**माले,23 अप्रैल 2024।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब यह समझेगा कि मालदीव के लोग कहां खड़े हैं, खासकर संप्रभुता और आजादी के मुद्दे पर। मुइज्जू का यह चीन समर्थित बयान संसदीय चुनावों में प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद सोमवर को एक कार्यक्रम में आया है।



रविवार को हुए चुनावों में उनके नेतृत्व वाली पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) 93 में से 68 सीट पर जीत हासिल की। जबकि पीएनसी के गठबंधन सहयोगियों मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने एक और मालदीव डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) ने दो सीट पर जीत दर्ज की। जिससे पीपुल्स मजलिस (संसद) में उसकी कुल दो-तिहाई से अधिक संख्या हो गई।

संसद में बहुमत का मतलब है कि मुइज्जू की पार्टी का न केवल कानून बनाने पर नियंत्रण होगा बल्कि विधायिका भी उसके नियंत्रण में होगी, जो कानूनों की पुष्टि करती है। विधायिका में अब तक दो विरोधी गठबंधन थे और सरका व विधायिका के बीच संघर्ष के कई मौके सामने आ चुके हैं। संसदीय चुनावों में पीएनसी की भारी जीत को भारत की विदेश नीति के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है। भारत और चीन दोनों हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस द्वीप समूह में चुनावों के परिणाम को करीब से देख रहे थे।

मुइज्जू ने मालदीव में इंडिया आउट अभियान शुरू किया था और इसी के बहाने वह पिछले साल सत्ता में आए थे। नवंबर में पदभार संभालने के बाद उन्होंने चीन का दौरा किया था और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बीजिंग के साथ माले के संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

संसदीय चुनावों से पहले भारत समर्थक पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व वाली मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी ने नई दिल्ली के साथ संबंध बहाल करने की पैरवी की थी। लेकिन एमडीपी को केवल 15 सीट मिलीं। वहीं 88 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस भेजने वाले मुइज्जू ने कहा, हम एक गौरवशाली राष्ट्र हैं जो संप्रभुता और स्वतंत्रता से प्यार करते हैं, जिसे हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी दिखाया है।

मुइज्जू ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा कि संसदीय चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि मालदीव के लोग विदेशी दबाव के बिना अपने भविष्य को चुनने की आजादी चाहते हैं।

# अमेरिकी रिपोर्ट में इस्राइल पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप,ब्लिंकन बोले-अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें

**वॉशिंगटन, 23 अप्रैल 2024।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गाजा की हालत बिगड़ती जा रही है। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते धीरे-धीरे इस्राइल ने लगभग बंद कर दिए हैं। इस बीच, एक बार फिर अमेरिका ने इस्राइल को आंखें दिखाई हैं। उसने इस्राइल से नागरिकों के नुकसान को कम करने का आग्रह किया है।



अमेरिकी विदेश विभाग ने मानवाधिकार उल्लंघन पर अपनी रिपोर्ट जारी की और गाजा में मानवाधिकारों के हनन पर चिंताओं को रेखांकित करते हुए इस्राइल पर प्रकाश डाला। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष मानवाधिकारों के लिए परेशान करने वाली चिंताएं पैदा कर रहा है। उन्होंने सात अक्तूबर के हमास आतंकवादी हमलों की निंदा की है, जबकि इस्राइल से अपनी प्रतिक्रिया में नागरिक क्षति को कम करने का आग्रह किया।

### सात अक्तूबर को हमास ने किया था हमला

बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। इस्राइल ने गाजा में जमीन, हवाई,समुद्र समेत सभी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था। पहले लोगों की आवाजाही के लिए इरेज और माल के लिए केरेम शालोम बॉर्डर थे।

# ईरान से बढ़ते तनाव के बीच हिज्बुल्लाह ने इस्राइल पर दागे दर्जनों रॉकेट

**यरुशलम, 23 अप्रैल 2024।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इधर, ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इस बीच, हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल में स्थित इस्राइली सेना मुख्यालय पर कत्युशा रॉकेटों से हमला किया। बता दें, हिजबुल्लाह लेबनान में स्थित एक सशस्त्र समूह है, जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है।

### आइए जानते हैं अबतक क्या कुछ हुआ

हिजबुल्लाह ने एन ज़ेटिम बेस पर 91वें डिवीजन के तीसरे इन्फैंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय पर रॉकेट हमले की पुष्टि की। साथ ही दावा किया कि उसने दर्जनों कत्युशा रॉकेट से हमला किया।

लेबनान की समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला कथित तौर पर दक्षिणी लेबनानी गांवों में इस्राइली घुसपैठ और श्रीफा, ओडाइसेह और रब ट्लातिन पर किए गए हमले का जवाब था।

इस्राइली सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रॉकेट छोड़ने वाले स्रोतों को निशाना बनाया। इस्राइली सेना का कहना है कि एन ज़ेटिम बेस को करीब 35 रॉकेटों से निशाना बनाने की कोशिश की गई। हालांकि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

इस्राइल और ईरान के बीच बढ़े तनाव के बाद से हताहतों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक, लेबनान में कम से कम 376 लोग, मुख्य रूप से हिजबुल्लाह लड़ाके और 70 नागरिक मारे गए हैं। वहीं, इस्राइली पक्ष के 10 सैनिक और आठ नागरिक मारे जा चुके हैं।

इस्राइल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। तेहरान ने हालिया उकसावों के जवाब में कड़ी चेतावनी जारी की है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने आगाह किया कि इस्राइल की किसी भी अगली गलती पर ईरान की ओर से कठोर जवाब दिया जाएगा।



ईरानी शहर इस्फहान के पास हाल की घटनाओं की कनानी ने निंदा की और हमलों को दुर्भावनापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ईरान की वायु रक्षा ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

इस बीच, रविवार को इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी की अमेरिका से वापसी के एक दिन बाद ही इराक ने सीरिया में अमेरिकी मिलिट्री बेस की ओर रॉकेट लॉन्च किए थे। सीरिया की सीमा से सटे इराक के शहर जुम्मार में एक छोटे ट्रक पर एक रॉकेट लॉन्चर को तैनात किया गया और उसी से अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर पांच रॉकेट दागे गए। इस दौरान जिस ट्रक पर रॉकेट लॉन्चर रखा हुआ था। उसमें विस्फोट हो गया। कहा जा रहा है कि ट्रक को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक की गई थी, जिसमें अमेरिकी युद्धविमान के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

हालांकि, जिहादी समूहों के खिलाफ लड़ रहे गठबंधन ने कहा कि इराक में उसके एक विमान ने पूर्वोत्तर सीरिया में एक बेस के पास असफल रॉकेट हमले की रिपोर्ट मिलने पर आत्मरक्षा में हमला किया था। उन्होंने बताया कि इस घटना के दौरान किसी अमेरिकी कर्मी को चोट नहीं आई।

वहीं, हमास द्वारा बंदी बनाए गए 133 व्यक्तियों को लेकर इस्राइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की मांग करते हुए सैकड़ों लोग कल प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आवास के बाहर एकत्र हुए।

गाजा में इस्राइल-हमास संघर्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में तनाव फैल गया है। येल विश्वविद्यालय में, इन प्रदर्शनों के सिलसिले में कई गिरफ्तारियां की गईं। कोलंबिया में प्रदर्शनकारियों ने परिसर के लॉन में गाजा एकजुटता शिविर स्थापित किया। न्यूयॉर्क संस्थान के कुछ यहूदी छात्रों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान डरे होने की बात कही।

सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के हुए हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्ला ने इस्राइल की ओर रॉकेट लॉन्च किए, जिसके चलते आठ अक्तूबर को लेबनान-इस्राइल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद इस्राइल ने दक्षिण पूर्वी लेबनान की ओर गोलीबारी के जरिए जवाबी कार्रवाई की।

# नींद पूरी होने के बाद भी महसूस होती है थकान ?

## इन योगासनों के अभ्यास से मिलेगा आराम

क्या आपके शरीर में दर्द रहता है। नींद पूरी होने के बाद भी जब सुबह सोकर उठते हैं तो थकान महसूस होती है? सिर दर्द, जोड़ों में दर्द की समस्या भी रहती है? अगर इन लक्षणों से पीड़ित हैं तो हो सकता है कि आप फाइब्रोमायल्जिया की समस्या से पीड़ित हों। फाइब्रोमायल्यिजा एक तरह का विकार है जिसके कारण मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द रहता है। थकान महसूस होती है और मस्तिष्क व नींद संबंधित परेशानी हो सकती है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में फाइब्रोमायल्जिया होने की संभावना अधिक रहती है। तनाव, सिरदर्द, टेम्पोरोमैंडिबुलर ज्वाइंट विकार, आंतों से जुड़े रोग, चिंता व अवसाद आदि लक्षण देखने को मिल सकते हैं। फाइब्रोमायल्जिया के लिए कोई इलाज उपलब्ध नहीं है। दवाओं के जरिए इसके लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। वहीं व्यायाम और योग से कुछ राहत पाई जा सकती है।



### फाइब्रोमायल्जिया के लिए योग

#### उत्तानासन

उत्तानासन के अभ्यास के दौरान सिर हृदय के नीचे आ जाता है, इस कारण मस्तिष्क की ओर रक्त प्रवाह तेज होता है और ऑक्सीजन की आपूर्ति अच्छे से होती है। वहीं पीठ वाले भाग में खिंचाव आता है। इस आसन को करने से पीठ, हिप्स और टखनों के दर्द को कम किया जा सकता है। शरीर अच्छे से स्ट्रेच होता है और दिमाग शांत व तनाव दूर होता है। अनिद्रा व सिरदर्द की समस्या में भी राहत मिलती है।

#### सेतु बंधासन

इस आसन के अभ्यास से सीने, गर्दन और रीढ़ की हड्डी में खिंचाव पैदा होता है। एंग्जाइटी, थकान, कमर दर्द, सिरदर्द और इंसोम्निया में फायदा मिलता है। रीढ़ की हड्डी में लचीलापन बढ़ता है। इस आसन के अभ्यास के लिए पीठ के बल लेटकर पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए हिप्स के पास ले जाते हैं और हिप्स को जितना हो सके, फर्श से ऊपर उठाते हैं। हाथ जमीन पर रखते हुए कुछ देर सांस को रोका जाता है। फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को सीधा करके विश्राम स्थिति में आ जाते हैं।

#### सर्वांगासन

सर्वांगासन के अभ्यास से कंधे, गर्दन, पीठ और रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है। हृदय की मांसपेशियों की अच्छी स्ट्रेचिंग होती है और दिमाग शांत रहता है। सर्वांगासन के अभ्यास के लिए पीठ के बल लेटकर पैर, कूल्हे और कमर को उठाएं। कन्धों पर सारा भार लेते हुए पीठ को हाथों से सहारा दे। संतुलन बनाते हुए कोहनियों को जमीन पर टिकाएं और हाथों को कमर पर रखते हुए, कमर और पैरों को सीधा रखें। पैरों की उंगलियों को नाक की सीध में ले जाते हुए लंबी गहरी सांस लें और कुछ सेकंड इसी पोजीशन में रहें।

# दांत दर्द और मुंह की बदबू से हैं परेशान तो हो सकती है शरीर में इन विटामिंस की कमी

दांतों में अक्सर पायरिया होने की वजह तेज दर्द और मुंह की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है, लेकिन अगर आप कुछ अहम विटामिंस युक्त भोजन करेंगे तो ऐसी परेशानियां पेश नहीं आएंगी।

दांत हमारी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। अगर इसमें किसी तरह की गड़बड़ी हुई तो पूरी खूबसूरती बिगड़ जाएगी।

ओरल हेल्थ यानि मुंह की सफाई बेहद जरूरी होती है। अगर आप इसका ध्यान नहीं रखेंगे तो आप कई सारी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं।

ओरल हेल्थ आपकी पूरी तरह से पर्सनालिटी और कॉन्फिडेंस को कम करता है। कई बार मुंह की बदबू और दांत की गंदगी के कारण शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।




दांतों को हेल्दी रखना है तो आपको ध्यान देना होगा कि कहीं आपके दांत में विटामिन बी12 की कमी तो नहीं. इस विटामिन की कमी के कारण दांत की इम्युनिटी पर बुरा असर पड़ता है. जिसके कारण यह पायरिया का रूप ले लेती है।

खाने में डेयरी प्रोडक्ट्स, फैटी फिश को शामिल करने से विटामिन बी 12 की कमी को एक हद तक पूरी की जा सकती है। पायरिया की कमी विटामिन सी की कमी के कारण होती है. यह हमारी इम्युनिटी को बेहतर करती है। विटामिन सी हमें कई सारे बैक्टीरियल इंफेक्शन से भी बचाता है।

विटामिन सी, डी और विटामिन बी 12 की कमी के कारण कई बार दांतों से जुड़ी दिक्कतें होती है. जिसका समय रहते इलाज करना बेहद जरूरी है।

# जीवन भर निभा पाएंगे साथ,इस तरह करें सही जीवनसाथी की पहचान



सही जीवनसाथी का चयन करना एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय होता है, क्योंकि यह आपके जीवन के बहुत सारे पहलुओं को प्रभावित करता है। सही जीवनसाथी आपके साथ एक खुशहाल परिवार बनाता है, जिसमें दोनों के समान लक्ष्य होते हैं। वह आपके साथ सुख और दुख को साझा करता है, साथ ही आपके सपनों को साकार करने में सहयोग प्रदान करता है। हालांकि अगर जीवन भर का साथ निभाने वाला साथी ही गलत चुन लिया जाए तो जिंदगी समस्याओं में गुजरने लगती है। परिवार खुशहाली से ज्यादा परेशानी, दुखों, वाद-विवाद से घिरा रहता है।

ऐसे में शादी के बाद एक खुशहाल जीवन के लिए अपने लिए सही और उपयुक्त जीवनसाथी का चयन करें। हालांकि हमारे लिए कौन सा शख्स एक बेहतर जीवनसाथी बन सकता है, इस बात का पता लगा मुश्किल होता है लेकिन कुछ संकेतों से आप यह समझ पाएंगे कि सही लाइफ पार्टनर में क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए।

### सिर्फ सूरत नहीं सीरत को समझें

अक्सर लोग अपने पार्टनर का चयन करते वक्त उनकी सुंदरता पर ज्यादा ध्यान देते हैं। सिर्फ पार्टनर के लुक्स से उनका चयन न करें बल्कि व्यक्तित्व को समझकर उसके आधार पर तय करें कि क्या वह आपका जीवनसाथी बनने योग्य है। भले ही पार्टनर दिखने में आकर्षक और अच्छा हो लेकिन अगर उसके अंदर बुरी आदतें हैं तो जीवन भर उस से तालमेल बिठाना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए सूरत नहीं सीरत भी देखें।

### व्यवहार समझने की कोशिश

शादी का निर्णय लेते समय साथी के व्यवहार के बारे में जरूर जान लें। शादी से पहले उनके साथ वक्त बिताएं, ताकि आपको पता चल सके कि उनका व्यवहार कैसा है। क्या वह शांत स्वभाव के हैं या अधिक बात करने वाले। किसी समस्या पर उनका क्या बर्ताव होता है और वह जीवन को लेकर कितने सकारात्मक हैं, ये सब जानकर ही तय करें कि क्या आप उनके साथ जीवन भर रह सकते हैं।

### विचार जानें

एक सही और अच्छे जीवनसाथी को चुनने के लिए जरूरी है कि आप दोनों में कुछ समानताएं भी हों। अधिकतर मामलों में व्यक्ति को अपने से अलग व्यक्तित्व का शख्स अधिक आकर्षित करता है लेकिन दोनों के बीच विचारों या समान लक्ष्यों का होना जरूरी है। पूरी तरह से विचार न भी मिलें लेकिन कुछ समानताएं या रुचि एक सी होनी चाहिए, ताकि जीवन भर वैचारिक मतभेद न हो।

### सम्मान भी जरूरी

जिस शख्स के साथ आपको पूरी जिंदगी बितानी है, उसके मन में आपके लिए सम्मान होना चाहिए, साथ ही उसके प्रति आपके मन में भी सम्मान की भावना होनी चाहिए। रिश्ते में सम्मान और भरोसा दोनों ही जरूरी हैं। इसलिए यह परख लें कि क्या साथी आपका सम्मान करता है।

### स्टैंडर्ड में न हो ज्यादा फर्क

शादी एक दो दिन के लिए नहीं होती, ये जीवनभर का साथ है। ऐसे में अगर आप दोनों के रहन-सहन या स्टैंडर्ड में अधिक फर्क होता है, तो उसे बराबरी पर लाना या एक जैसी लाइफस्टाइल को जी पाना मुश्किल हो जाता है। पार्टनर के साथ ही परिवार के साथ तालमेल बिठाना भी मुश्किल हो सकता है। इसलिए ऐसे साथी का चयन करें, जिसकी लाइफस्टाइल और स्टैंडर्ड आपसे ज्यादा अलग न हो।

# गर्मी के मौसम में करें चावल से बने इन पकवानों का सेवन,मन के साथ पेट भी होगा खुश

गर्मी का मौसम अपने साथ कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी की वजह से शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। इसी वजह से लोग इस बदलते मौसम में अपने पहनावे से लेकर खाने तक में बदलाव कर देते हैं।

इस मौसम में लोगों को अपने खान-पान का खास ध्यान रखना पड़ता है, क्योंकि तेज गर्मी में अगर कुछ थोड़ा सा इधर-उधर का खाया, तो तबियत खराब होने के हालात बनने लगते हैं। इसके अलावा कम पानी पीने या ज्यादा तला-भुना खाने से डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इसी वजह से ज्यादातर लोग गर्मी में हल्का भोजन करना पसंद करते हैं।



अगर आप भी खाने के कुछ ऐसे विकल्प तलाश रहे हैं, जो काफी हल्के हों, तो ये लेख इसमें आपकी मदद करेगा। इस लेख में हम आपको चावल से बनने वाले कुछ ऐसे पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मी के मौसम में आपके स्वास्थ्य को भी दुरुस्त रखेंगे। इन पकवानों को खाकर आपका मन भी खुश रहेगा।

### कोरिएंडर राइस

अगर जल्दी में है, लेकिन कुछ हेल्दी और स्वादिष्ट खाने का मन है तो झटपट कोरिएंडर राइस तैयार कर सकते हैं। ये कम समय में बनने वाला स्वादिष्ट और हेल्दी विकल्प होता है। इसे आप रायते और पापड़ के साथ खा सकते हैं।

### लेमन राइस

ये खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। आप चाहें तो इसे रायते के साथ टिफिन में भी रखकर ले जा सकती हैं। इसमें मूंगफली और करी पत्ते की वजह से स्वाद काफी अच्छा आता है। इसी के चलते आप चाहें तो इस भीषण गर्मी में लेमन राइस तैयार कर सकते हैं।

### कर्ड राइस

इस मौसम में दही खाने से पेट को काफी लाभ मिलता है। ऐसे में आप चाहें तो कर्ड राइस बना सकती हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट होता है और इसे आप गर्मी में लंच में खा सकती हैं। ये आपके पेट को गर्मी से राहत दिलाएगा।

# सिर्फ दशहरी और लंगड़ा नहीं, कई तरह के होते हैं आम,जानिए नाम और पहचान का तरीका

गर्मियों का मौसम आते ही फलों के राजा का दरबार सजने लगता है। खाने के शौकीन पूरे साल फलों के राजा यानी आम का इंतजार करते हैं, जो गर्मियों के मौसम में ही मिल पाता है। इस दौरान आम की कई किस्में और प्रजातियां बाजारों में बिकने लगती हैं। वैसे तो दुनियाभर में आम बिकता है, लेकिन केवल भारत के अलग अलग हिस्सों में लगभग 15 से अधिक आम की किस्में मिल जाती है। कई प्रजातियों के आम के स्वाद और महक में भी अंतर होता है। जरूरी नहीं कि हर आम का रंग पीला ही हो। उत्तर भारत के आमों की वैरायटी, दक्षिण भारत के आमों से अलग मिल जाती है।

कई बार तो बाजार में आपको ऐसा आम देखने को मिल जाता है, जिसका नाम भी शायद आपको पता न हो। जाने पहचाने स्वाद से जुदा आप आम की अलग अलग किस्मों का स्वाद लेना चाहते हैं। ऐसे में आपको भारत के सबसे मशहूर आमों की किस्म के बारे में पता होना चाहिए। उनके रंग और स्वाद व खासियत को जानकर आम खरीद सकते हैं।

### चौसा

चौसा आम उत्तर भारत और बिहार में पाया जाता है। चौसा पीला और रसीला होता है। शेरशाह सूरी ने सोलहवीं शताब्दी ने इस प्रजाति को खोजा। बिहार के चौसा में शेरशाह सूरी ने हुमायूं से युद्ध जीतने के बाद इसे चौसा नाम दिया था। वैसे चौसा आम की प्रजाति की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में हुई थी। यह आम खाने में काफी स्वादिष्ट और सुर्ख पीले रंग का होता है। इस आम की पहचान आप रंग से ही कर सकते हैं। चौसा आम बाजार में आधी जुलाई बीत जाने के बाद आता है।



### अल्फांसो आम

यह महाराष्ट्र का लोकप्रिय आम है और इसे हापूस भी कहा जाता है। इसका दूसरा नाम रत्नागिरी है। रत्नागिरी आम महाराष्ट्र के जिलों रत्नागिरी, देवगिरी, रायगड़ और कोंकण में उगता है। रत्नागिरी किस्म का एक आम लगभग 150 से 300 ग्राम का होता है। अल्फांसो आम भारत के सबसे अच्छे आमों में से एक होता है। साथ ही ये बेहद महंगे भी होते हैं। इसे आसानी से पहचाना जा सकता है क्योंकि इन आम के ऊपर हल्का सा लाल रंग होता है। इसका स्वाद मीठा और खास होता है।

### केसर आम

केसर की महक की तरह ही इस आम का नाम भी केसर है। केसर आम गुजरात की प्रमुख प्रजाति है जो कि अहमदाबाद के आसपास उगाया जाता है। केसर आम महंगे आम की किस्मों में से एक है। जिसे जूनागढ़ के नवाब ने सबसे पहले बोया था। जिसे केसरी भी कहते हैं। इसकी पहचान नारंगी-पीले रंग और मधुर स्वाद से होती है।

### लंगड़ा आम

आम की कुछ मशहूर किस्म में से एक लंगड़ा आम है जो कि उत्तर प्रदेश के बनारस में मुख्य तौर पर उगाया जाता है। जुलाई-अगस्त के महीने में ये आम आसानी से मिल सकता है। इस आम का नाम लंगड़ा इसलिए पड़ा क्योंकि पहली बार जिस किसान ने अपने खेत में इस आम को उगाया था, उसके पैर नहीं थे। ये आम पकने के बाद भी हरे रंग का ही होता है। इसमें हल्के लेमन येलो रंग का मिश्रण मिल जाएगा। साथ ही अंडे आकार का होता है। स्वाद के मामले में इस आम का कोई जवाब ही नहीं है।

### सफेदा आम

सफेदा आम उत्तर प्रदेश की प्रमुख प्रजाति है, जिसका स्वाद खट्टा-मीठा सा होता है। इसके खट्टे स्वाद की वजह से गुजरात में इसका इस्तेमाल आमरस बनाने में किया जाता है। ये लाल रंग के होते हैं और आकार में लंबे व ढीले रसीले होते हैं।

### दशहरी

उत्तर प्रदेश के सबसे प्रमुख आम प्रजातियों में दशहरी का नाम शामिल है। इस आम की उत्पत्ति लखनऊ के पास दशहरी गांव से हुई। इसलिए इसका नाम दशहरी रख दिया गया। मलिहाबाद दशहरी आम के दुनियाभर में निर्यात का सबसे बड़ा स्थान है। इसका स्वाद मीठा होता है।

### माल्दा

आम फलों का राजा है और आम की प्रजातियों का राजा माल्दा प्रजाति के आम को माना जाता है। माल्दा आम बिहार में उगते हैं। इन आमों में जरा से भी रेशे नहीं होते और इनका स्वाद खट्टा मीठा होता है। हरे रंग के ये आम चटनी बनाने के लिए उपयुक्त होता है।

# आपके घर में ही मौजूद हैं कैंसर कारक कई चीजें, इन चीजों के इस्तेमाल को लेकर बरतें सावधानी

कैंसर वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, इसका खतरा किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा कई अन्य कारक भी कैंसर के खतरे को बढ़ा रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि हम सभी रोजाना अपने घरों में कई ऐसी चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं जिनसे भी कैंसर का खतरा हो सकता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन खाते हैं उससे लेकर सामान्य घरेलू उपयोग की वस्तुओं तक, कई कारणों से हमारे विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का जोखिम हो सकता है जिससे दीर्घकालिक रूप में कैंसर होने का खतरा रहता है। अस्वास्थ्यकर आहार और व्यायाम की कमी जैसे जीवनशैली कारक भी आपमें कैंसर के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

कई मामलों में विषाक्त पदार्थों के संपर्क से पूरी तरह से बच पाना संभव नहीं है पर कुछ चीजों का इस्तेमाल कम करके खतरे को जरूर कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि दैनिक उपयोग की किन चीजों के कारण आप कैंसर के शिकार हो सकते हैं?

### घरेलू आइटम्स में हो सकते हैं कैंसर कारक तत्व

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया घरों में रोजाना उपयोग की जाने वाली वस्तुओं में मौजूद कार्सिनोजेन के संपर्क पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। नॉन-स्टिक कुकवेयर, प्लास्टिक कंटेनर, घरेलू क्लीनर से लेकर मोमबत्तियों आदि के उपयोग से हम कैंसर कारक तत्वों के संपर्क में आ सकते हैं। माइक्रोप्लास्टिक को लेकर हाल में हुए कई अध्ययनों में सभी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इतना ही नहीं शोध से पता चलता है कि शरीर में माइक्रोप्लास्टिक के कारण जीन से संबंधित विकारों का भी खतरा बढ़ सकता है।





### नॉन-स्टिक कुकवेयर का इस्तेमाल

हम सभी के घरों में खाना पकाने के लिए नॉन-स्टिक तवे और कुकवेयर का इस्तेमाल किया जाता रहा है। इन पैन को तैयार करते समय टेफ्लॉन नामक तत्व की कोटिंग की जाती है। इसमें खाना बनाना और बर्तनों की सफाई करना आसान होता है। हालांकि अध्ययनों से पता चलता है कि उच्च तापमान पर गर्म करने पर नॉन-स्टिक बर्तनों से हानिकारक पेरफ्लूरिनेटेड नामक रसायन रिलीज होता है जिसकी अगर शरीर में अधिकता हो जाए तो इससे कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

### प्लास्टिक वाली चीजों का इस्तेमाल

प्लास्टिक के बर्तन-कंटेनर्स और पॉलिथीन बैग के उपयोग को लेकर लोगों को लगातार सावधान किया जाता रहा है। प्लास्टिक के टिफिन में गर्म खाना रखने से लेकर, प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीने तक को अध्ययनों में शरीर के लिए कई प्रकार से हानिकारक प्रभावों वाला पाया गया है। प्लास्टिक के कंटेनर्स में बिस्फेनॉल-ए (बीपीए) और फेथलेट्स हो सकते हैं, इन दोनों को कैंसरकारक दुष्प्रभावों के लिए जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्लास्टिक वाली चीजों का इस्तेमाल कम से कम करने की सलाह देते हैं।

### पेंट और घरेलू साफ-सफाई के आइटम्स

कुछ प्रकार के पेंट, वार्निश और फर्श क्लीनर्स में बेंजीन, फॉर्मेल्डिहाइड और टोल्यूनि जैसे रसायनों की मौजूदगी पाई गई है जिनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से कैंसर और कई अन्य प्रकार की बीमारियों का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन चीजों के अधिक इस्तेमाल से भी शरीर को कई तरह के दीर्घकालिक नुकसान हो सकते हैं।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को चौकी रेवटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

» शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुआ विवाद

» जमकर चले लात घूंसे

– संवाददाता –

**सूरजपुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** विगत सोमवार को ग्राम बाजरा, चौकी वाड्रफनगर निवासी राजेश गोंड़ ने चौकी रेवटी में सूचना दिया कि आज सुबह मोबाईल के माध्यम से जानकारी मिला की ग्राम पहाड़ करवा में भतीजी यशोदा की मृत्यु हो गई है सूचना पर यह वहां पहुंचा देखा तो यशोदा के सिर में चोट लगने से खून निकला हुआ है उसके पति रामचंद्र से पूछने पर घर के बाहर गिरने से सर में पीछे चोट लगने से मृत्यु होना तथा किसी व्यक्ति के द्वारा मारपीट करने से चोट लगने से मृत्यु होने का शंका जाहिर किया। सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने प्रकरण की बारीकी से विवेचना करते हुए आरोपी की




पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी रेवटी पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर मृतिका के पति रामचंद्र को पकड़ा, पूछताछ पर वह जुर्म स्वीकार कर बताया कि दिनांक 21.04.24 के रात्रि में 12 बजे घर के बाहर में मना करने के बावजूद पत्नी यशोदा घूम रही थी जिस कारण से गुस्से में बांस के डंडा से सिर में मारकर हत्या कर दिया। सिर से खून निकलकर यशोदा के वस्त्र में लगने पर उसे निकालकर दूसरा वस्त्र पहना दिया और शव को घर के अंदर कमरे में ले जाकर लिटा दिया और लोगों के द्वारा पूछने पर यशोदा को गिरने से सिर में चोट लगने से मृत्यु होना बताया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा व वस्त्र जप्त कर पृथक से धारा 201 भादसं. जोड़ी जाकर आरोपी रामचंद्र गोंड पिता दुहन गोंड उम्र 28 वर्ष ग्राम पहाड़ करवा चौकी रेवटी थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी रेवटी सुमंत पांडेय, एएसआई ज्ञानचंद सिंह, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, आरक्षक निर्मल राजवाड़े, बलिन्दर खलखो व अनिल कुमार सक्रिय रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर जिले भर में निकलीं शोभायात्राएं,जगह-जगह हुए भंडारे

– संवाददाता –

**सूरजपुर,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही हनुमान के जयकारे गूंजने लगे थे, कोई हाथ में बाबा के लिए चोला लेकर आया तो कोई प्रसाद के लिए लड्डू और सुबह से ही लोग कतार में लगकर पूजा अर्चना करते दिखाई दिए। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा गूंजती रही। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिर, हनुमान मंदिर मेन रोड , बाजार गली, जेल पारा, पंच हनुमान मंदिर, वीर बजरंग मंदिर सहित शहर के अनेक हनुमान मंदिर और श्रीराम मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिले भर के सभी हनुमान मंदिरों पर मंगलवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। सभी मंदिरों में विशेष साज सजावट की गई तो वहीं मंदिरों में रामायण पाठ एवं सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिरों में हनुमानजी का विशेष श्रृंगार भक्तों द्वारा किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर अनेक स्थानों पर भंडारें का आयोजन भी रखा गया था। मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला सुबह से शुरू हो गया था। जो देर रात तक जारी रहा।



## शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुआ विवाद



⇛ जमकर चले लात घूंसे

– संवाददाता –

**लखनपुर,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर केनापारा में सोमवार की लगभग रात 3 बजे शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर बारातियों और गांव वालों के बीच विवाद हो गया। ग्रामीण एकजुट होकर लाठी डंडे और पत्थर से बारातियों पर हमला कर दिया। जिससे कई बाराती घायल हो गए और किसी तरह अपनी जान बचाकर बाराती भाग निकले। दो बारातियों की हालत गंभीर बताई जा रही जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम बकना खुर्द से बारात लखनपुर के ग्राम गणेशपुर केनापारा आया। डीजे बजाने को लेकर ग्रामीणो और बारातियों में विवाद की स्थिति निर्मित विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीण एक जुट होकर बारातियों पर पत्थर और लाठी डंडे से हमला कर दिया।किसी तरह बाराती अपनी जान बचाकर कार में सवार होकर भाग निकले। हमले में कई बाराती घायल हो गए। दो बारातियों की हालत गंभीर बताई जा रही है जिनका उपचार अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। घटना के बाद किसी तरह लड़का और लड़की पक्ष वालों के बीच समझौता हुआ और शादी हुई। बारातियों से मारपीट करने का वीडियो भी सामने आया है जो जमकर वायरल हो रहा है।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक की वजह से ऑटो और स्कूल बस में टक्कर होने से 04 लोग हुए घायल

– संवाददाता –

**कोरबा,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक ऑटो की भिड़ंत स्कूल बस से हो गई,गनीमत रही कि बस में बच्चे नहीं थे । बताया जा रहा है के मंगलवार सुबह कुसमुंडा कोरबा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ऑटो और स्कूल बस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ऑटो में चालक सहित 4 सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए ,जिन्हे घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों के मदद से इलाज के लिए कोरबा अस्पताल ले जाया गया । यह हादसा सुबह उस वक्त हुआ जब वैशाली नगर खमरिया मोड के पास कुसमुंडा से कोरबा की ओर जा रही ऑटो एवं ग्राम खहरिया से मुख्य रोड पर आ रही स्कूल बस के अचानक आ जाने से हुआ । बताया जा रहा के जिस जगह यह हादसा हुआ वहां एक ट्रक पहले से रोड पर खड़ी थी जिसके चलते दोनों के बीच टक्कर हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से घायलों को कोरबा अस्पताल ले जाया गया । क्योंकि इन दिनों स्कूल का अवकाश घोषित होने से बच्चे बस में नहीं थे



जिससे एक बड़ा हादसा होते होते टल गया ।बताया जा रहा है के बस में ड्राइवर और खलासी थे जो किसी काम से बस लेकर कोरबा की ओर जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया । बता दें कि कुसमुंडा से कोरबा की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग में आए दिन हादसा होते रहते हैं ,जिसका मुख्य कारण इस मार्ग में चलने वाली बड़े बड़े मालवाहक वाहन जो बगैर किसी नियम के मालवाहक वाहन को कहीं भी खड़े कर देते है, जिससे इस मार्ग में हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है । कई बार प्रशासन द्वारा इन मालवाहक वाहन के मालिकों एवं चालकों की बैठक लेकर समझाइश भी दिया गया पर इन मालवाहक वाहनों के चालकों द्वारा आए दिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कही भी अपने वाहन को खड़े कर दिया जाता है,जिसके चलते मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होने के साथ साथ दुर्घटना की स्थिति भी बनी रहती है,जिससे राहगीरों में हमेशा जानमाल के नुकसान का भय के साथ साथ परेशानियों का सामना करना पड़ता है । प्रशासन को चाहिए कि मामले को गंभीरता से लेते हुए इन बड़े बड़े मालवाहक वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करे ।



## संकटमोचन मंदिर में उत्साह के साथ भक्तो ने मनाया हनुमाना जन्मोत्सव का पर्व

– संवाददाता –

**कुसमी ,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** कुसमी, तहसीलपारा संकटमोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ भक्त गणों ने मनाया, मंदिर में सुबह से ही काफी संख्या में भक्त गण बजरंगबली की पुजा अर्चना किए तो वही भक्त गण हवन एवं आरती में भी शामिल होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किये,फिर वही संकट मोचन समिति के सदस्यों के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया सर्व प्रथम ब्राम्हण समाज के लोगो को भंडारे प्रसाद खिलाकर भंडारे प्रसाद वितरण कार्यक्रम की शुरूवात की गई, बजरंगबली के भक्त गणों में काफी उत्साह रहा।भक्त गण पुरी श्रद्धा और लगन के साथ भांडरे प्रसाद वितरण कार्यक्रम में अपना सहयोग दिये जिससे की भारी संख्या में आए लोगो में भंडारे प्रसाद का वितरण किया गया।

## व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी दर्री का आकस्मिक निरीक्षण कर 24 घंटे अलर्ट



24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के दिए निर्देश

– संवाददाता –

**कोरबा,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** लोकसभा कोरबा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने आज कोरबा विधानसभा अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वायड दल के जाँच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए है। साथ ही व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। निरीक्षण के दौरान लाइजनिंग अधिकारी चंद्रकांत टिकरिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक राजीव पांडेय उपस्थित थे।




## चौपाटी सेंटर पुराना बस स्टैंड में मतदाता जागरूकता को लेकर चलाया गया अभियान

– संवाददाता –

**सूरजपुर,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। जिले के पात्र नागरिक शत प्रतिशत मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुराना बस स्टैंड के चौपाटी सेंटर में मतदाता जागरूकता के संदेश वाले पोस्टर ठेले, गुमटियों व दुकानों में लगाये गये। इन पोस्टरों को चौपाटी में स्थित चाट, चाउमीन, दोसा एवं इडली, भेल, बर्गर व लिट्टी चोखा और चाय सेंटर में लगाए गए ताकि मतदाता जागरूकता संदेशों को पढ़ कर ग्राहक अपने मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत करें। इन पोस्टरों में ''मतदान एक ऐसी ताकत है जिसमें हम अपने देश को बदल सकते है।'', ''युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान।'', ''आपकी समझदारी काम आएगा, देश को खुशहाल बनाएगी।'', ''छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान।'' लिखे स्लोगन से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

## एनटीपीसी कोरबा में मैत्री महिला समिति द्वारा 43वां वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

– संवाददाता –

**कोरबा,22 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** एनटीपीसी कोरबा के महिला क्लब मैत्री महिला समिति ने 21 अप्रैल 2024 को अपना 43वां वार्षिकोत्सव मनाया । इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोरबा प्रमुख श्री सरित माहेश्वरी रहे । महिला क्लब की सदस्यों ने 43वें वार्षिकोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना से की गई, जिसके बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश का स्वागत गीत गाया गया।।मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती राखी माहेश्वरी ने सभा को संबोधित किया और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। वार्षिकोत्सव में मैत्री महिला समिति की सदस्यों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों, नाटक, मधुर संगीत और नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें भारत के सात अलग-अलग राज्यों के नृत्य, 'संस्कृति' प्रस्तुत किए गए एवं देश की विविधता को दर्शाया गया और देश के विभिन्न प्रांतों के भाषाओं का भी वर्णन किया गया । वार्षिक दिवस कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के जीवन साथियों को आमंत्रित किया गया था और उन्होंने भी कार्यक्रम में





उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, तथा दर्शकों और प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और शाम का आनंद लिया। 43वें वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में श्री सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने अभिनंदन भाषण में एमएमएस क्लब और उसके सदस्यों को वार्षिक दिवस पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान महिला क्लब के सभी वरिष्ठ सदस्य और सदस्य, परिवार और एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी भी मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। एमएमएस क्लब का यह 43वें वार्षिक दिवस समारोह का समापन एक शानदार सफलता के साथ हुआ और अतिथियों और शुभचिंतकों द्वारा भी इसकी बहुत सराहना की गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम ग्रामीण-जन ग्राम-केशवनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रितु अग्रवाल आ. भगवान दास जाति अग्रवाल निवासी ग्राम-केशवनगर तहसील सूरजपुर जिला सरगुजा (छ0ग0)द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम -केशवनगर प.ह.नं.24रा.नि.म.केशवनगर तहसील सुरजपुर स्थित स्वयं के खाते कि भूमि खसरा क्रमांक 1462/6 रकबा 0.010 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 30/04/2024को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । उसके पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 16/04/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर ए से जारी किया गया।

(सील) विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर)

## अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार,दो की मौत,दो का चल रहा उपचार

– संवाददाता –

**अम्बिकापुर,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गए। घायलों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में उपचार चल रहा है।




जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रूनियाडीह का लक्ष्मण सिंह पिता तुलसी सिंह 23 वर्ष 22 अप्रैल की दोपहर डेढ़ बजे गांव के ही रामकुमार के साथ मोटरसाइकिल से सूरजपुर गया था। रास्ते में राम मंदिर के पास मोटरसाइकिल से दोनों अनियंत्रित होकर गिर गए। इन्हें सूरजपुर अस्पताल लाया गया, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सक ने लक्ष्मण सिंह को मृत घोषित कर दिया। रामकुमार का उपचार चल रहा है। दूसरी घटना में बलरामपुर जिला के त्रिकुण्डा थाना अंतर्गत ग्राम सलवाही निवासी जग प्रताप सिंह पिता सुमेश्वर सिंह 24 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक 22 अप्रैल को गांव के ही रामसागर के साथ ग्राम छिपिया मोटरसाइकिल से गया था। घर वापस आते वक्त ग्राम फूलीडूमर जंगल मार्ग में दोनों अनियंत्रित होकर गिर गए, जिसमें जग प्रताप सिंह को गंभीर चोटें आई थी। दोनों को संजीवनी 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाड्रफनगर लाया गया। यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, यहां इलाज के दौरान मंगलवार को अलसुबह 4 बजे जग प्रताप सिंह की मौत हो गई। रामसागर का उपचार चल रहा है।

## संगवारी मतदान के लिए नियुक्त महिला कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

– संवाददाता –

**बलरामपुर,23 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को विकासखण्ड स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में अनुपस्थित हुए मतदान दलों के लिए 23 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद विद्यालय बलरामपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में संगवारी मतदान केंद्र के लिए नियुक्त महिला कर्मियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतदान दलों को मतदान संबंधी सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन के उपयोग के बारे में बताया गया। मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मतदान प्रक्रिया तथा मतदान समाप्ति के बाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मतदान आरंभ करने के पहले मॉक पोल, वास्तविक मतदान के प्रक्रिया को नियत समय पर शुरू करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम को बंद करना, सीलिंग पूरी करना, मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को प्रतिपूर्ति करना इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा ईव्हीएम और व्हीव्हीपॅट हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा कंप्यूटर पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतदान प्रक्रिया सहित ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण के साथ-साथ मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों के शंकाओं का समाधान किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण में मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों के समक्ष ईव्हीएम का प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मिचेल मार्श चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर




**नई दिल्ली,23 अप्रैल 2024।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलियाई स्टार मिचेल मार्श आईपीएल 2024 के शेष मैच नहीं खेल पाएंगे। मार्श फिलहाल दाहिनी हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबर रहे हैं। इस चोट से उबरने के बाद वह भारत नहीं लौटेंगे और ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे।

### स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार




**स्पेन,23 अप्रैल 2024।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

# दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस भिड़ंत आज

» गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

» पंत की कप्तानी पर भी रहेंगी नजरें




**नई दिल्ली,23 अप्रैल 2024।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा।

सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरूण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए। सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी लेकिन पृथ्वी साव और डेविड वार्नर ने निराश किया। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने सिर्फ 18 गेंद में 65 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली लेकिन यह नाकाफी था। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोटला की छोटी बाउंड्री के बीच शॉर्ट पिच गेंदबाजी करने की रणनीति गलत साबित हुई।

तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ एनरिक नोर्किया मौजूदा सत्र में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आ रहे और टीम को पीठ में जकड़न के कारण अनुभवी इशांत शर्मा के पिछले मैच से बाहर रहने के बाद उनके वापसी करने की उम्मीद होगी। कुलदीप यादव मौजूदा सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट चटकाकर दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ वह भी काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने दिल्ली के गेंदबाजों के बीच सर्वाधिक आठ खाली गेंद डाली लेकिन सर्वाधिक सात छक्के भी खाए।

नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी जीत की लय को बरकार रखते हुए प्ले ऑफ का दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। टीम को बल्लेबाजी में गिल के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर और अजमतुल्लाह उमरजई से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि राहुल तेवतिया को फिनिशर की भूमिका निभानी होगी। गेंदबाजी विभाग में दारोमदार अनुभवी मोहित शर्मा, नूर अहमद और राशिद खान पर होगा।

**टीम इस प्रकार हैंः**

**दिल्ली कैपिटल्सः-** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

**गुजरात टाइटंसः-** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार। समय- मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## सौरव घोषाल ने संन्यास लिया

**नई दिल्ली,23 अप्रैल 2024।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं।




उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''मैंने 22 साल पहले 'पीएसए विश्व टूर' पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी ख़त्म नहीं होगा।''

## हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरत

**नई दिल्ली,23 अप्रैल 2024।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।वार्नर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''टीम की खातिर हमें जहां होना चाहिए हम वहां नहीं हैं। हम कुछ और मैच जीतना पसंद करते। लेकिन फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए बेशक हमें बाकी बचे मैच जीतने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए हमारे लिए यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम प्रत्येक मैच वैसे ही खेल सकेंगे जैसे हम गुजरात के खिलाफ खेले थे।'' ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, ''हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो कोशिश करें कि बड़ा स्कोर बनाएं और इसका बचाव करें।''




## टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए इस हफ्ते के आखिर में होगा टीम का ऐलान

**नई दिल्ली,23 अप्रैल 2024।** आईपीएल का 17वां सीजन खेला जा रहा है। जिसके बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए बीसीसीआई ने कमर कस ली है। इसी हफ्ते के आखिर में बीसीसीआई चयन समिति 20 सदस्यीय वाली टीम की घोषणा करेगी। इसमें पांच स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। वहीं सेलेक्टर्स की नजरें आईपीएल 2024 की अब तक की सबसे सफल टीम यानी राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर हैं। उन्हें या तो स्क्वॉड में शामिल किया जाएगा या फिर स्टैंडबाय के तौर पर टीम में शामिल किया जाएगा। टीम चुनने के लिए बीसीसीआई चयन समिति 28 या 29 अप्रैल को मुंबई में बैठक करेगी। चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से मुलाकात कर सकते हैं। वहीं विराट कोहली, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या के अलावा रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह मिलनी तय है। आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद संजू सैमसन एक बार फिर मुश्किल में फंस गए हैं।



# सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज




### धांसू अंदाज में दिखी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। फैंस इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित ने कुछ समय पहले फिल्म के सारे कैरेक्टर से दर्शकों को इंट्रोड्यूस करवाया था, जिसके बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइडेट हैं। फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए रोहित ने एक बार फिर दीपिका पादुकोण का लुक पोस्टर शेयर किया है। इस फोटो में एक्ट्रेस का दमदार अवतार देखने को मिल रहा है। रोहित शेट्टी ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये मेरी हीरो है। रील और रियल लाइफ में भी लेडी सिंघम...सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है। फोटो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। किसी एक यूजर ने लिखा कि एक मां यूनिफॉर्म पहनकर देश की सेवा कर रही है। तो किसी अन्य यूजर ने लिखा कि लेडी सिंघम फायर है मजा आ गया बाबू भैया... वहीं दीपिका के फर्स्ट लुक पोस्टर में एक्ट्रेस ने पुलिस की वर्दी पहने चंडालिका रूप दिखाया था। पोस्टर में एक्ट्रेस गुंडे के ऊपर बैठकर उसके बाल को एक हाथ के खींच रही हैं और दूसरे हाथ से उसके माथे पर बंदूक ताने हुए नजर आई थीं। बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म सर्कस के दौरान डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपनी लेडी सिंघम का खुलासा कर दिया था। उन्होंने बता दिया था कि दीपिका पादुकोण ही सिंघम अगेन में लेडी सिंघम बनेंगी। बता दें कि इन दिनों मुंबई में सिंघम 3 की शूटिंग चल रही है। मुंबई में ही इसका सेट तैयार किया गया है। वहीं फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें को दीपिका के अलावा रोहित की इस मल्टीस्टारर फिल्म में दीपिका के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे कलाकार धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. खबरें हैं कि ये मूवी इसी साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी.

## मैं मुंबई छोड़ने ही वाली थी,जब मीठा खट्टा प्यार हमारा का ऑफर आयाःआर्ची सचदेवा



एक्ट्रेस आर्ची सचदेवा टीवी शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सांची का किरदार निभाती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि यह किरदार निभाना उनकी किस्मत में था।एक्ट्रेस मुंबई छोड़ने वाली थी, जब उन्हें सांची का रोल ऑफर हुआ।आर्ची ने बताया मैं मीठा खट्टा प्यार हमारा का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हूं। जब मैं जनवरी में मुंबई पहुंची, तो मैंने सांची के किरदार के लिए नहीं, बल्कि किसी दूसरे रोल के लिए ऑडिशन दिया। कई ऑडिशन के बावजूद, चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं और मैंने मुंबई छोड़ने का फैसला किया।एक्ट्रेस ने आगे कहा, किस्मत मेरे साथ थी, और मुझे सांची के रोल के लिए चुना गया था, और शायद यह किरदार निभाना मेरी किस्मत में था। सांची मॉडर्न और स्मार्ट लड़की है, वह वही हासिल करना चाहती है जिस पर उसने अपना दिल और नजरें जमा रखी हैं।मीठा खट्टा प्यार हमारा में प्रेरणा सिंह और अविनाश मिश्रा भी हैं।मीठा खट्टा प्यार हमारा का प्रीमियर 24 अप्रैल को स्टार प्लस पर होगा।




## प्राइम वीडियो ने अनुष्का सेन स्टारर यंग एडल्ट-ड्रामा दिल दोस्ती डिलेमा का ट्रेलर किया रिलीज,25 अप्रैल को होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने आज अपने आने वाले यंग एडल्ट ड्रामा, दिल दोस्ती डिलेमा का बड़ा ही दिलचस्प और दिल को छू लेने वाला ट्रेलर जारी किया। नए जमाने के युवाओं पर आधारित यह मनोरंजक ऑरिजिनल सीरीज़, पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित और अंदलीब वाजिद द्वारा लिखी गई किताब अस्माराज़ समर से प्रेरित है, जिसे टेन इयर्स यंगर प्रोडक्शंस उसने प्रोड्यूस किया है। सीरीज में सीमा महापात्रा और जहाँआरा भार्गव क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम किया। डेब्बी राव के डायरेक्शन में बनी, तथा अनुराधा तिवारी, बग्स भार्गव कृष्णा, राघव दत्त और मंजिरी विजय द्वारा लिखी गई सात एपिसोड की यह सीरीज़ फील-गुड ड्रामा है, जिसमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने, रिश्तों को संजोकर रखने और अपने वजूद की तलाश करने की अहमियत पर बल दिया गया है। इस सीरीज़ में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने साथ मिलकर काम किया है, जिसमें अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आज़मी, और शिशिर शर्मा ने मुख्य किरदार निभाए हैं, जबकि श्रुति सेठ, सुहासिनी मुले, विशाखा पांडे, रेवती पिल्लई, और एलीशा मेयर अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर दिल दोस्ती डिलेमा का प्रीमियर हिंदी में होगा, साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में इसकी डबिंग भी उपलब्ध होगी।



## साउथ के सुपर स्टार मोहनलाल ने शाहरुख खान की जवान के गाने पर किया जबरदस्त डांस

### फैन्स बोले- इतना स्टाइल कहां से लाते हो ?

सुपरस्टार मोहनलाल ने कोच्चि में एक अवॉर्ड शो में शाहरुख खान की फिल्म जवान के गाने जिंदा बंदा पर डांस परफॉर्मेंस से स्टेज पर आग लगा दी. 63 साल के मोहनलाल का शाहरुख और रजनीकांत के गाने पर थिरकते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. एक्स पर मोहनलाल के फैन पेज से शेयर किए गए वीडियो में से एक में एक्टर को भूरे रंग की चमड़े की जैकेट और पैंट के साथ चीता-प्रिंटेड शर्ट पहने देखा गया था. उन्होंने मंच पर अपनी एनर्जेटिक वॉक भी दिखाया. उन्होंने जेलर से रजनीकांत का गाना हुकुम भी परफॉर्म किया. इस बीच वर्कफ्रंट पर मोहनलाल ने थारुण मूर्ति के डायरेक्शन में बनी फिल्म एल 360 की शूटिंग शुरू कर दी है. फिल्म जिसे फिलहाल एल 360 नाम दिया गया है 22 अप्रैल को फ्लोर पर चली गई. मोहनलाल एक्टर और डायरेक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन की आने वाली फिल्म एल2ई एम्पुरान में भी दिखाई देंगे.

## 73 की उम्र में लोहे की नहीं सोने की जंजीर से कर दिया दुश्मनों का हाल बेहाल

उम्र 73 साल. एक्शन ऐसा सीट छोड़ना हो जाए मुश्किल। दीवानगी ऐसी पिछली फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाए 600 करोड़ रुपये। जी हां, हम बात कर रहे हैं सुपरस्टार रजनीकांत की। जिन्हें प्यार से उनके फैन तलाइवा भी कहते हैं। रजनीकांत की 171वीं फिल्म कूली का टीजर रिलीज हो गया है। इस बार रजनीकांत लोहे की नहीं बल्कि घड़ियों से बनी सोने की जंजीर से दुश्मनों के होश ठिकाने लगाते आ रहे हैं। इस टाइटल टीजर में उनका एक्शन अवतार देखा जा सकता है। हर सीन में उनका जादू बरकरार है और एक बार फिर रजनीकांत ने दिखा दिया है कि उनके फैन्स उन पर यूं ही जान नहीं छिड़कते हैं। रजनीकांत की कूली को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है।कूली रजनीकांत की एक्शन फिल्म है और इसका इशारा इसके टाइटल टीजर से ही मिल गया है। इस टीजर में देखा जा सकता है कि कुछ लोग गोल्ड स्मगलर हैं और उन्हें पता चलता है कि कोई उनके यहां अवांछित शख्स आ गया है। इस तरह वह शख्स कोई और नहीं बल्कि रजनीकांत होते हैं और वह उनको छठी का दूध याद दिला देते हैं। रजनीकांत को उनके चिर-परिचित अंदाज में देखा जा सकता है। वह पूरे स्टाइल और स्वैग के साथ एक्शन करते नजर आते हैं और आखिर में अपना कूली वाला बिल्ला भी दिखाते हैं। इस तरह रजनीकांत ने फिल्म के लिए अपने तेवर साफ कर दिए हैं।



लोकेश कनगराज की पिछली फिल्म विक्रम और लियो थी जो सुपरहिट रही थीं कूली का म्यूजिक अनिरुध रविचंदर का है। फिल्म की बाकी स्टारकास्ट का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। कूली के टाइटल टीजर पर फैन्स के खूब कमेंट भी आ रहे हैं और वह जमकर रजनीकांत की तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा है कि 73 की उम्र लेकिन इस शख्स की स्क्रीन पर मौजूदगी जादुई है। रजनीकांत एक महान एक्टर. फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी कमाल है। एक कमेंट आया है कि रजनी हमेशा से रिकॉर्ड मेकर रहे हैं. वह हमेशा ही अपने रिकॉर्ड खुद तोड़ते हैं। बेशक यह तो अभी झलक है लेकिन उम्मीद की जा सकती है कि वह जेलर जैसे जादू फिर दिखाएंगे।

## मराठी टीवी सिनेमा के मशहूर एक्टर चेतन वडनेरे ने रचाई शादी

इस वक्त हर तरफ भीड़ है। इसी तरह कई सेलिब्रिटीज भी शादी के बंधन में बंधते नजर आ रहे हैं। अमृता बाने और शुभंकर एकबोटे की शाही शादी कल (रविवार- 21 अप्रैल) हुई। ऐसे में अब मराठी सीरियल थिपक्याया रंगोली और फुलपखारु से फैंस के बीच सुर्खियों में आए एक्टर चेतन वडनेरे आज (22 अप्रैल 2024) एक्ट्रेस रितुजा धरप के साथ शादी के बंधन में बंध गए। कुछ घंटे पहले ही एक्टर ने खुद शादी की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। फिलहाल दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। शादी में दोनों ने ट्रेडिशनल मराठमोला लुक अपनाया। शादी में चेतन बैंगनी रंग की धोती पहने नजर आ रहे हैं, जो चेतन से मैच करते हुए दुल्हन रितुजा के साथ अकही और नीली नौवार साड़ी पहने नजर आ रहे हैं। दोनों ने यह खास लुक सप्तपदी (टेलीविजन एक्टर) के लिए चुना है। वरमाला पहने हुए रितुजा ने पीले और बैंगनी रंग की साड़ी पहनी है। वहीं चेतन ने गोल्डन चेतन ने शादी की तस्वीरें बेहद खूबसूरत कैप्शन के साथ शेयर की हैं। चेतन और रितुजा की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। न सिर्फ फैंस बल्कि कई सेलिब्रिटीज ने भी नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दी हैं. रितुजा बागवे, हृथा दुर्गुले, नम्रता प्रधान, मेघना एरांडे, तृष्णा चंद्रात्रे, अद्वैत कडाने, अक्षर कोठारी जैसी कई हस्तियों ने दोनों को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## प्रधानमंत्री मोदी ने धमतरी में चुनावसभा के संबोधन भाषण में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

# जब दिल्ली का कांग्रेस पर भरोसा नहीं तो छत्तीसगढ़ कैसे करेगा भरोसा

### धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद भी पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी

**धमतरी,23 अप्रैल 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धमतरी जिले में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर हमला बोला.। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जहां कांग्रेस का शाही परिवार रहता है, वहां उनके पास खुद की पार्टी को वोट देने का अवसर नहीं है, क्योंकि वहां कोई कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं है। जिस कांग्रेस से दिल्ली का भरोसा तक उठ गया हो, उस पर छत्तीसगढ़ भरोसा कैसे कर सकता है?
धमतरी जिले के ग्राम श्यामतराई में आयोजित सभा में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद क्षेत्र से प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी और कांकेर क्षेत्र से प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा।
प्रधानमंत्री ने कहा कि दो दिन पहले झारखंड में एनडीए गठबंधन की रैली थी। वहां सरेआम एक-दूसरे के सिर फोड़े गए, कपड़े फाड़े गए। यह है इन लोगों की हालत. इंडिया वालों ने जब पहली रैली की थी, तब मंच पर कितने लोगों ने हाथ बाद बात करके उठाया था। दूसरी रैली हुई तो कितने उसमें से निकल गए? तीसरी हुई तब कितने निकल गए? और यह आखिरी रैली में तो जो पहली में थे, उसमें से आधा रह जाते हैं. सब छोड़कर भाग गए.
मोदी ने कहा कि 19 अप्रैल को हमारे छत्तीसगढ़ में बस्तर सीट पर मतदान हुआ, देश के और राज्यों में भी मतदान हुआ.। और उस प्रथम चरण के मतदान ने साफ कर दिया है। देश का मन एकदम साफ है, और देश का मन कहता है शक्तिशाली विकसित भारत बनाने के लिए एक मजबूत सरकार बनानी है. और इसलिए जनता जनार्दन का भरोसा सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर है। दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन वाले हैं. उनके आपस में ही सिरफुटौव्वल चल रही है।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं आपसे विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं। यह छत्तीसगढ़ प्रदेश है, जिसके पास स्टील की ताकत है, कोयले की शक्ति है. छत्तीसगढ़ के पास वन संपदा का भंडार है.। छत्तीसगढ़ में विकसित भारत की यात्रा को तेज गति देने का सामर्थ्य है।
मोदी ने कहा कि कांग्रेस जब भी सत्ता में रही है, उसने विकास को पटरी से उतारने का ही काम किया है। कांग्रेस और विकास साथ साथ चल ही नहीं सकते हैं। इसके बजाय कांग्रेस जहां-जहां सरकार में रही, वहां हिंसा और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया. यही कांग्रेस है, जो जब तक पावर में रही, छत्तीसगढ़ में नक्सली माओवादी हिंसा बढ़ती रही. आखिर कांग्रेस और हिंसा का यह कौन सा नाता है? कौन सा कनेक्शन है? जवाब है भ्रष्टाचार।
उन्होंने कहा कि अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस हिंसा को बढ़ावा देती रही। लोग जान गंवाते रहे, लेकिन कांग्रेस अपनी तिजोरी भरने में लगी रही। भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है। अब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं। माओवाद को नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा।
प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक देश पर राज किया. लेकिन कभी उनको ये चिंता नहीं हुई. कि क्या कभी गरीब के बच्चे भी भूखे सोते होंगे? क्या गरीब के घर में भी कभी चूल्हा नहीं चलता होगा? मोदी इस दर्द को जानता था और इसलिए मैंने मुफ्त राशन की योजना चालू की और आज गरीब को मुफ्त राशन मिल रहा है. भाजपा ने न सिर्फ इसे लागू किया बल्कि गारंटी भी दी है. ये योजना अगले पांच साल जारी रहेगी. एक और बड़ी गारंटी जो भाजपा यहां की बहनों को दी थी वो है महतारी वंदन योजना. कांग्रेस भ्रम फैला रही थी कि भाजपा गारंटी पूरा नहीं करेगी. आज बहनों के बैंक अकाउंट में सीधे इस योजना का पैसा जा रहा है।मोदी ने गरीबों के तीन करोड़ नए घर बनाने की गारंटी दी है. और इसमें 18 लाख घर भी है, जो छत्तीसगढ़ के गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी परिवार को मिलेंगे. इस चुनाव के दरम्यान जब आप गांव जाएं, घरों में जाए, मोहल्ले में जाए और आपको कोई कच्चे घर में, झुग्गी झोपड़ी में रहने वाला मिले तो उसे मोदी की गारंटी बता देना कि जैसे ही मोदी तीसरी बार बैठेंगे, तेरा घर भी पक्का हो जाएगा।
अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में आपको केवल सांसद ही नहीं चुनना बल्कि देश का उज्जवल भविष्य चुनना है। आपके अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करना है. आपकी आने वाली पीढ़ियों का जीवन जो मुसीबतों से आपको गुजारना पड़ा.वैसा न गुजरना पड़े इसकी गारंटी का चुनाव है.। इसलिए राष्ट्र निर्माण का यह मौका बिल्कुल न गवाएं. गर्मी है, शादियां है खेत में काम भी है, लेकिन गर्मी को रुकावट न बनने दें। कोशिश करें पहले मतदान फिर जलपान. भारतीय जनता पार्टी को दिया आपका वोट विकसित भारत बनाएगा, ये मोदी की गारंटी है।



### कोई भी बीमार हो इलाज में नहीं होगी कंजूसी

अच्छे से अच्छे अस्पताल का चयन आप करेंगे और खर्चा करेगी नरेंद्र मोदी की सरकार मोदी का दावा आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लख रुपए के मुफ्त इलाज की गारंटी अब तक छत्तीसगढ़ के जितने भी परिवार हैं उनमें जो भी बुजुर्ग 70 साल के ऊपर के जो भी लोग हैं, अगर कोई बीमार हो जाए तो अब इलाज करने में जरा भी कंजूसी करने की जरूरत नहीं है। अब अच्छे से अच्छे अस्पताल का चयन आप करेंगे और खर्चा नरेंद्र मोदी की सरकार देगी।

### माताएं-बहनें ही मेरा रक्षा कवच हैं : पीएम मोदी

जांजगीर-चांपा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस के लोग कहते हैं कि हम मोदी का सिर फोड़ देंगे। जब तक मेरे देश की माताएं-बहनें बैठी हैं, मोदी को कोई कुछ नहीं कर सकता। ये माताएं-बहनें ही मेरा रक्षा कवच हैं।

# सीएम का आरोप:संविधान में कांग्रेस ने खुद 80 बार किया संशोधन

**रायपुर/सक्ती,23 अप्रैल 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज प्रधानमंत्री की उपस्थिति में कांग्रेस पर खूब बरसे. सक्ती जिले के जेठा में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेसी गलतफहमी फैला रहे हैं कि केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनी तो आरक्षण को खत्म कर देगी। संविधान से छेड़छाड़ करेगी, लेकिन संविधान से छेड़छाड़ करने वाली तो कांग्रेस है, जिसने संविधान में अब तक 80 बार संशोधन किया है.।
कांग्रेस अब भाजपा पर आरोप लगाकर जनता को भरमा रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बोल चुके हैं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग किसी का भी आरक्षण खत्म नहीं होगा।
सीएम साय ने कहा कि आज अपनी हार निश्चित देख कर कांग्रेसी हमारे प्रधानमंत्री जी और बड़े-बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता इसको बर्दाश्त नहीं करेगी, लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी. साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमा रही है, तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है, लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूं कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस बहकावे में बिल्कुल मत आइये। जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी. महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा. हर महीने के पहले सप्ताह में राशि दे दी जाएगी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये चुनाव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है. एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं. मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया. उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया. उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है इसलिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े और राधेश्याम राठिया को पुनः सांसद बनाइये, ये आग्रह आप सभी से करता हूं।
कांग्रेस और भूपेश बघेल को घेरते हुए साय ने कहा कि कांग्रेस लबरा पार्टी है. कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा-गरवा।घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए तभी तो छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में कांग्रेस को सरकार से आउट कर दिया।
मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया. 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी. साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है. हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया।



### प्रधानमंत्री ने की विष्णु सरकार की तारीफ

शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विष्णु सरकार की खूब तारीफ की.। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार ने जनहित के मेरे सभी कामों को रोक दिया था, लेकिन अब विष्णु देव जी हैं तो सारे काम मुझे पूरे करने हैं। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों के हित के लिए हमने जो गारंटी दी थी उसे हमारे नये मुख्यमंत्री भाई विष्णु देव साय और उनकी टीम ने आते ही कमाल कर दिया। सरकार में आते ही प्रमुख गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि विष्णु सरकार ने किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया। किसानों से सर्वाधिक मूल्य में धान खरीदी की. तेंदूपत्ता संग्राहकों को दी गारंटी भी पूरी हुई है। किसान सम्मान निधि का पैसा भी हमारी सरकार निरंतर जारी कर रही है।



## दोषी कौन ? भूपेश बघेल के खिलाफ लगे पोस्टर

**रायपुर,23 अप्रैल 2024 (ए)।** खैरागढ़ में भूपेश बघेल के खिलाफ जगह-जगह पोस्टर लगाए गए है. जिसमें लिखा गया है कि कांग्रेस शासन में 5 हजार से अधिक महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म का दोषी कौन है?। बता दें कि रोजाना नए नए आरोप भूपेश बघेल पर लग रहे है। पार्टी के नेता-कार्यकर्ताओं का कहना है कि बघेल ने सत्ता में रहते हम सभी के साथ अत्याचार किया है। जेल में डालने धमकाया जाता था। भूपेश बघेल के खिलाफ आवाज उठाने पर पुलिस पहुंच जाती थी।आलाकमान से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। वही कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल महिला नेत्रियो ने आरोप लगाया है कि असहज महसूस करते थे।

# हेमचंद मांझी को पद्मश्री पुरस्कार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर,23 अप्रैल 2024 (ए)।** नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर के प्रख्यात वैद्यराज हेमचंद मांझी को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि 5 दशकों से ज्यादा समय से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को प्राकृतिक और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे अबूझमाड़ के प्रख्यात वैद्यराज श्री हेमचंद मांझी जी को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के हाथों से पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनका निःस्वार्थ सेवाभाव हम सबके लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है।



नारायणपुर के छोटे डोंगर में जन्मे हेमचंद मांझी उस समय से लोगों का इलाज कर रहे हैं जब उस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं थी। अपने ज्ञान और सेवाभाव की बदौलत उन्होंने लोगों का इलाज शुरू किया और 5 पिछले दशकों से मरीजों का उपचार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों एवं विदेशों में रहने वाले पीड़ित मरीज भी छोटे डोंगर पहुंचकर इलाज कराते हैं। जब हेमचंद मांझी को पद्म श्री पुरस्कार की घोषणा हुई थी तब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया था।



## मतदाताओं को जागरूक करने अनूठा महाअभियान

### 4 किलोमीटर लंबे कपड़े में किए 6 लाख लोगों ने हस्ताक्षर

**कवर्धा,23 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकतंत्र के महापर्व में कबीरधाम जिले के सभी ग्रामों के मतदाताओं को एक सूत्र में बांधते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए अनूठा हस्ताक्षर महाअभियान चलाकर जोड़ा गया। हस्ताक्षर अभियान में जिले के लगभग 6 लाख नागरिकों ने 4 किलोमीटर कपड़े में हस्ताक्षर कर 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने मंगलवार को स्वामी करपात्री आउटडोर स्टेडियम में हस्ताक्षर अभियान का समापन किया। इस आभियान के तहत जिले के सभी गांव में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसके लिए प्रत्येक गांव में कपड़े पर उन गांव के मतदाताओं ने हस्ताक्षर किया। इसके बाद सभी गांव के मतदाताओं ने हस्ताक्षर किए कपड़े को जोड़ा गया। जोड़ने के बाद इन हस्ताक्षर किए गए कपड़े की लंबाई लगभग 4 किलोमीटर है। इस महाअभियान में जिले के सभी गांव के मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया की लोकतंत्र के पर्व में हम सब काम छोड़कर पहले मतदान करने की जिम्मेदारी को निभाएंगे।

## राशन दुकान संचालक बाट की जगह रख रहे गिट्टी पत्थर



### शिकायत के बाद भी नही हो रही कोई सुनवाई

**रायगढ़,23 अप्रैल 2024 (ए)।** रायगढ़ के बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पौड़ी के ग्रामीण क्षेत्र के राशन दुकानों में राशन वितरण को लेकर जमकर गड़बड़ी हो रही है । दुकानदार बांट की जगह गिट्टी पत्थर रखकर अनाज तौल रहे है. जहां भोले- भाले ग्रामीण इसका खामियाजा भुगत रहे है। उनका कहना है की अगर वे शिकायत करते हैं तो जो अनाज मिल रहा है शिकायत करने पर वो भी नही मिलेगा। इसकी शिकायत अधिकारियों से करने की कोशिश की गई। तो खाद्य अधिकारी अपने विभाग में मौजूद नहीं थे। ऐसे में इन ग्रामीणों को पूरा राशन नहीं मिल पा रहा है। यह बंदरबाट लंबे समय से चल रहा है। जो दर्शाता है कि खाद विभाग इसमें लापरवाही के साथ राशन दुकान संचालकों को भी शह दे रहा है।


# दूल्हे को महिलाओं ने जूते की माला पहनाकर पीटा



**कोरबा.,23 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बारात लेकर शादी करने पहुंचे दूल्हे की दुल्हन के घर जूते की माला पहनकर जमकर पिटाई की गई. दूल्हे को पीटता देख बाराती विवाह स्थल से फरार हो गए.दूल्हे को जूता पहनाकर पीटने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. दरअसल, गुजरात से एक युवक अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोरबा बारात लेकर शादी करने पहुंचा था, शादी करने पहुंचा दूल्हा पहले से ही शादी शुदा था. दूल्हे की पहली पत्नी ने फोटो और वीडियो दुल्हन के घर वालों को भेजकर पूरी सच्चाई बताई. इसके बाद शादी के मंडप में खूब हंगामा हुआ.

# शिक्षक ने 11 लाख 51 हजार 121 बार लिख चुके भगवान राम का नाम,मां से मिली थी प्रेरणा

**कोरबा.,23 अप्रैल 2024 (ए)।** कलयुग में रामनाम का जाप ही बेड़ा पार कर देता है. कोरबा जिला हरदीबाजार क्षेत्र निवासी शिक्षक ने रामनाम की भक्ति में ऐसा कुछ कर दिया है कि क्षेत्र में उनके इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है. उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान राम नाम लेखन का संकल्प किया और अब तक 11 लाख 51 हजार 121बार राम नाम लिख चुके हैं. जिले के हरदीबाजार गांधीनगर निवासी राकेश पांडे ने बताया अभी तक 11 लाख 51 हजार 121 राम नाम लिख चुके हैं.



राकेश एक निजी स्कूलों में शिक्षक हैं. उन्होंने बताया कि कोविड काल के दौरान स्कूल बंद हो गया था और सभी को अपने घरों में कैद होना पड़ा. उसी वक्त उनको शुगर और ब्लड प्रेशर की समस्या होने लगी. जिस कारण उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. उन्होंने बताया कि घर बैठे खाली मन बेचैन होता रहा तब अपनी माता कौशल्या देवी शिव प्रेरणा लेकर राम नाम लेखन प्रारंभ किए. प्रतिदिन समय निकाल कर दो से चार पेज लिखते हैं, जो आज तक अनवरत जारी है और अब लिखते ही रहेंगें.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)